दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 अंक 350 सीकर, सोमवार 16 फरवरी 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** लायंस क्लब तारानगर व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में जीआरटी अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बलवीर सहारण ने किया। मीडिया प्रभारी कृष्णा सोनी ने बताया कि शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशना गुप्ता व उनकी टीम ने 80 मरीजो की जांच कर जयपुर में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 30 मरीजों को चयन किया गया। शिविर में क्लब अध्यक्ष सुमेर सैनी, जमरदीन तेली, डॉ मोतीलाल सोनी, दलीप रजलीवाल, अनिल शर्मा, प्रदीप खण्डेलवाल, रक्षा शर्मा, सुल्तान भाकर, खिराज भाकर, मंगलेश खत्री, मेहरचन्द पूनिया आदि मौजूद थे।

## विद्यालय में टेबल भेंट करने पर किया युवाओं का स्वागत




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आदर्श युवा ग्रुप सारोठिया- एक नई सोच का नाम है। ग्रुप ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारोठिया में प्रधानाचार्य कक्ष के लिए लगभग 31 हजार रुपए की लागत की एक बड़ी टेबल एवं दरी भेंट की है। गांव के युवाओं का यह ग्रुप पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, गौ सेवा और सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहता है। इससे पहले भी ग्रुप ने विद्यालय में 16 कैमरे लगवाए थे। प्रधानाचार्य पप्पू राम मीना ने ग्रुप के सभी सदस्यों को विद्यालय के नाम का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर लक्ष्मण राम व्याख्याता, रामलाल व्याख्याता, मूलाराम, पूसाराम, सतपाल मीना, कमलेश मीना, हरजीराम मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 को

हर्ष सोनी


**झुंझुनू ( नवयत्न )।** निर्वाचन विभाग के निर्देशों के तहत 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन जो 14 फरवरी को किया जाना था अब वह 21 फरवरी को किया जाएगा। कार्यवाहक जिला निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा अंतिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन किया गया है।

## आरजीएचएस में गड़बड़ी करने पर 8 पैरामेडिकल स्टॉफ सस्पेंड

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) योजना में गड़बड़ी के मामलों में रविवार को 8 पैरामेडिकल स्टाफ को निलंबित कर दिया है। इससे 2 दिन पहले भी विभाग ने इसी तरह के मामले में सीकर के 7 डॉक्टरों को निलंबित किया था।

प्राथमिक जांच में पाया गया कि इन 8 कर्मचारियों ने आरजीएचएस योजना के तहत उपलब्ध सुविधाओं, कार्ड और सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया। यह कृत्य सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। इसे देखते हुए इन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## कोबरी-सार




# टी-20 वर्ल्डकप में भारत की पाकिस्तान पर सबसे बड़ी जीत



## ईशान किशन ने 77 रन बनाए

कोलंबो।

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 176 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। इस पारी में 10 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। कप्तान सूर्यकुमार ने 32 रन बनाए। सईम अयूब ने 3 विकेट।

टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले साल एशिया कप के दौरान पाकिस्तान के प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया था। यह फैसला पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में किया गया था। टॉस से पहले धुरंधर फिल्म के रैपर हनुमानकाइंड ने परफॉर्म किया। ये वही सिंगर हैं, जिनके गाने पर पाकिस्तान में विवाद हो गया था। उन्होंने टाइटल ट्रैक सहित कई गाने परफॉर्म किए।

# पीएम मोदी आज एआई इम्पेक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे

## जिसमें 13 देशों और 600 से अधिक स्टार्टअप्स भाग लेंगे

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है। यह एक्सपो 16 से 20 फरवरी तक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ एक ही स्थान पर आयोजित किया जाएगा। 70,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले 10 एरिना में यह आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियां, स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थान, शोध संस्थान, केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारें और अंतरराष्ट्रीय साझेदार भाग लेंगे। इस आयोजन में 13 देशों के पवेलियन भी होंगे, जो एआई इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को दर्शाएंगे। इन देशों में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीकी देश शामिल हैं। एक्सपो में 300 से अधिक विशेष प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव डेमोंस्ट्रेशन होंगे। यह आयोजन तीन थीम - पीपल, प्लेनेट और प्रोग्रेस - पर आधारित होगा। इसके अलावा 600 से अधिक संभावनाशील स्टार्टअप इसमें भाग लेंगे, जिनमें से कई वैश्विक स्तर और बड़ी आबादी के लिए समाधान




विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप अपने ऐसे समाधान पेश करेंगे जो पहले से वास्तविक दुनिया में उपयोग में हैं।

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में 2.5 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य वैश्विक एआई इकोसिस्टम में नए साझेदारी अवसर पैदा करना और व्यापार के नए मौके बनाना है। इस दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 3,250 से ज्यादा विशेषज्ञ वक्ता और पैनल सदस्य भाग लेंगे। इन सत्रों में अलग-अलग क्षेत्रों में एआई के प्रभाव पर चर्चा की जाएगी और यह विचार किया जाएगा कि भविष्य में एआई का लाभ दुनिया के हर नागरिक तक कैसे पहुंचाया जाए। बयान में कहा गया है कि यह एक्सपो एआई के वास्तविक उपयोग का राष्ट्रीय प्रदर्शन होगा, जहां नीति और व्यवहार, नवाचार और विस्तार, तथा तकनीक और आम नागरिक के बीच बेहतर तालमेल दिखेगा।

## ट्रेड डील में किसानों के साथ धोखा हो रहा : राहुल गांधी

नई दिल्ली।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है।

उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्वीटर पर पोस्ट 5 सवाल किए-

- ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज (चारा) खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?
- अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?
- जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?
- गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?
- एक बार यह दरवाजा खुल गया तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

### शाह बोले- राहुल ट्रेड डील पर झूठ फैला रहे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में राहुल पर आरोप लगाया कि वे यूके, यूएस और ईयू के साथ भारत की ट्रेड डील को लेकर झूठ फैला रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं।

शाह ने यह भी कहा कि राहुल कोई भी प्लेटफॉर्म चुन लीजिए। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रेसिडेंट भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनकी भलाई के लिए काम किया है।

उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को मजाकिया बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 2014 के बाद ऐसे किसी भी नियम को आगे नहीं बढ़ाया, जिससे किसानों को नुकसान हो। सरकार ने हर समझौते में कृषि और डेयरी सेक्टर के हित सुरक्षित रखे हैं। किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## बांग्लादेश : 17 को रहमान का शपथ समारोह, मोदी को न्योता

### इसी दिन पीएम की फ्रांसीसी राष्ट्रपति से मुलाकात, स्पीकर ओम बिरला ढाका जाएंगे

ढाका।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी रहेंगे। पीएम मोदी 17



फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं, इसलिए वे ढाका नहीं जा रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह परंपरा से अलग इस बार राष्ट्रपति भवन की जगह ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में होगा।

बांग्लादेश ज्यादातर शार्क सदस्य देशों के नेताओं को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। शार्क पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पहल पर शुरू हुआ था। जिया, तारिक के पिता थे। इसके अलावा चीन, मलेशिया, सऊदी अरब और तुर्किये जैसे मित्र देशों के प्रमुखों को भी बुलाने की तैयारी है।

# मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक टकराव, पढ़ाई पर मंडराया खतरा

## काली पट्टी बांध बहिष्कार, 48 ने दिया इस्तीफा, अस्पताल में सेवाएं रहेंगी जारी

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज झुंझुनू में प्रशासनिक विवाद ने बड़ा रूप ले लिया है। प्रधानाचार्य डॉ राकेश साबू की कार्यशैली से नाराज 48 पदनामित चिकित्सक-शिक्षकों ने अपने पदनामित पद से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। विरोधस्वरूप सभी चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और शैक्षणिक गतिविधियों के पूर्ण बहिष्कार की घोषणा की है। चिकित्सकों का आरोप है कि पिछले छह माह में छह पदनामित चिकित्सकों का पदनाम विलोपन नियमों के विपरीत किया गया। विभागाध्यक्ष पद से हटाना, वीआईपी ड्यूटी में भेदभाव, प्रशासनिक बैठकों से दूर रखना और अपमानजनक व्यवहार जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उनका कहना है कि जब कॉलेज में नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं थे तब उन्होंने अतिरिक्त समय देकर सुबह-शाम कक्षाएं संचालित की लेकिन न अतिरिक्त मानदेय मिला और न अनुभव का लाभ दिया गया। चिकित्सकों ने दावा किया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निरीक्षण के दौरान उनके शैक्षणिक दस्तावेजों और अध्यापन के आधार पर ही कॉलेज को मान्यता मिली थी। वर्तमान में फार्माकोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी जैसे विभागों में नियमित सहायक आचार्य अथवा आचार्य पदस्थापित नहीं होने तथा हालिया पदनाम विलोपन के कारण मान्यता पर संकट की आशंका जताई जा रही है।

इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की संभावना है। इस्तीफा देने वालों में डॉ शीशराम गोठवाल, डॉ श्रीराम दुलड़, डॉ राजेन्द्र पायल, डॉ पुष्पा रावत, डॉ मधु वर्मा, डॉ दुष्यंत बसेरा, डॉ सुरेश मील, डॉ राजेश डूडी, डॉ शक्तिसिंह, डॉ गौरव बूरी, डॉ ईकराज अहमद, डॉ सोनिया सैनी, पूनम चौधरी, डॉ संजय कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ राहुल सोनी, डॉ कृष्णा कुमारी, डॉ कपूर थालौर, डॉ प्यारेलाल भालोठिया, डॉ नवीन, डॉ सारिका मोदी, डॉ विनिता मोर, डॉ प्रियंका कंस्वा, डॉ प्रमोद गढ़वाल, डॉ मनीषा चौधरी सहित अन्य चिकित्सक शामिल हैं। चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि वे शिक्षण कार्य का




बहिष्कार जारी रखेंगे लेकिन राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल झुंझुनू में मरीजों को नियमित चिकित्सा सेवाएं देते रहेंगे। काली पट्टी बांधकर विरोध मंगलवार तक जारी रहेगा। चिकित्सकों ने कहा मांगे ना माने जाने पर मंगलवार के बाद आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# हिन्दू सम्मेलन आयोजित



निसं

**सिंघाना (नवयत्न)।** मंडल मुख्यालय बड़बर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिलाओं की कलश यात्रा गांव में शिवालय से शुरू होकर मुख्य मार्ग से बाबा उम्मद सिंह मंदिर प्रांगण बड़बर में समागम हुआ। वहां सोमवीर सिंह भजन मण्डली द्वारा हनुमान चालीसा सामूहिक-पाठ हुआ तत्पश्चात रोहिताश का प्रभावी उद्बोधन एवं बौद्धिक रहा। इस अवसर पर सोमवीरदास महाराज का संत सानिध्य एवं आशीर्वाद रहा। आयोजन समिति ने सोमवीरदास का सम्मान किया कार्यक्रिम के अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर रामावतार शास्त्री, दिलीप भूरिया पुष्पेंद्र सिंह, लालाराम जांगिड़, अशोक सिरोवा, अमरसिंह कुड़ी, वेद प्रकाश, राजपाल सिंह तंवर, किशनपाल सिंह, सुशील शर्मा, राजवीर यादव, बाबूलाल यादव, विजय सिंह यादव, प्रदीप धर्मपाल, बसंत कुमार भूरिया, श्रवण बेदी, प्यारेलाल, मनोज कुमार सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिवरात्रि महोत्सव मनाया



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** बाइपास रोड स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आश्रम में महा शिवरात्रि महोत्सव बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। आश्रम को विभिन्न रंग बिरंगी फुल मालाओं एवं रोशनी के साथ विशेष सजावट की गई। आश्रम के महंत योगी चेतन नाथ महाराज के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। बऊ धाम के पंडित मदन लाल शास्त्री के आचार्यतव मे पाँच विद्वान पंडितों ने भगवान भोले नाथ का मंत्रोचारण के साथ महारुद्राभिषेक किया जिसमें गोपाल बुधिया, अमन, रजत, किरण, पूजा एवं देवेश बतौर यजमान पूजा अर्चना मे हिस्सा लिया। प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार मे पूजा अर्चना की। महा आरती हुई जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने आरती मे हिस्सा लिया। भोग लगाकर श्रद्धालुओं को फलाहार करवाया गया। बालाजी चंग मंडली पाबूसर की ओर से एक से बढ़कर एक फाल्गुनी धमाल एवं लोक गीतों की प्रस्तुतियां पेश की। श्रद्धालुओं ने महंत योगी चेतन नाथ का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर योगी अभय नाथ, सूंदर नाथ, दीपक नाथ, कृष्ण नाथ, पंडित सुरेश कुमार शास्त्री, बालकिशन गोयनका, राजेश मंगला, रामू डब्बेवाला, सुरेश मनफरा, कृष्ण चाहर, राम कारण डांगी, बहादुर सिंह शेखावत, रोहिताश ठेकेदार, विकास मारवाल, इंद्राज मील सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# टेलीफोन अदालत बीस को

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी नगर के दूरभाष केंद्र टेलीफन एक्सचेंज कार्यालय में बीस फरवरी सुबह ग्यारह बजे दूरसंचार उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए टेलीफोन अदालत का आयोजन होगा। प्रस्ताव है। इस अदालत मे खेतड़ी नगर कस्बे के टेलीफोन उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित प्रकरणों और विवादों पर विचार किया जायेगा। पुराने लम्बित मामलो के संदर्भ मे विभाग से किए गए पत्राचार, निर्णयो की प्रति सहित पूर्ण विवरण के साथ आवेदन करें। सहायक महाप्रबंधक प्रशासन ने बताया कि टेलीफोन अदालत में प्राप्त शिकायतों पर उपभोक्ता की समस्याओं का यथोचित समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। शिकायतकर्ता को टेलीफोन अदालत के दिन स्वयं को उपस्थित होना होगा। किसी न्यायालय, उपभोक्ता परिषद मे विचाराधीन मामले जिसमें अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ, उन पर विचार नहीं किया जायेगा। टेलीफोन बिल ध्ब्रॉडबैंड बिल से संबंधित वही मामले विचारणीय होंगे, जिनकी बिल तारीख 20 जनवरी 2026 से पहले की हो । टेलीफोन उपभोक्ताओं अपने पूर्ण तथ्यात्मक विवरण दो प्रतियों में उपमण्डल अभियन्ता नेटवर्क प्रचालन दूरभाष केन्द्र खेतड़ी नगर में 18 फरवरी तक अवष्य पहुचा देवें। इस के बाद के मामले विचारणीय नहीं होगें।

# शिव मंदिर के पास वाटर कूलर का शुभारंभ



निसं

**सिंघाना (नवयत्न)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र सिंघाना के पुरानी भोदन रोड स्थित शिव मंदिर के पास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सहयोग एक पहल संस्थान एवं नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डीपी सैनी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। यह वाटर कूलर भामाशाह अमर सिंह सैनी के सहयोग से लगाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता डी पी सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमरसिंह सैनी द्वारा यह पहल की गई है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में डीपी सैनी, भामाशाह अमर सिंह सैनी, सांवरमल, मुकेश फागणा, अनिल कुमार, विक्रम सैनी, ओमप्रकाश, कृष्ण सैनी, सुशील एनआरआई, साहिल कुमार, राजू गराटी, प्रताप गुर्जर, कृष्ण फगाना, प्रधान सिंह, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर आज

निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** काजड़ा में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया जाएगा। आयोजक समिति के विद्याधर सैनी ने बताया स्व. सुनिल कुमार व स्व. महावीर कुमावत की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को कस्बे के सरकारी अस्पताल में सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शिविर में पायल ब्लड बैंक चिड़ावा की अनुभवी टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया जाएगा।

# दो दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व का शुभारम्भ



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के लोयल गांव स्थित बाबा थानदेव केशव गोशाला में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शिव मंदिर शिलान्यास के लिए दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस दौरान कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लोयल के ठाकुर मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए भाग लिया। कलश यात्रा ठाकुर मंदिर से प्रारंभ होकर रामदेव मंदिर, मुख्य बस स्टैंड और थानबाबा मंदिर होते हुए गोशाला परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। पूरे मार्ग में भगवान शिव के जयघोष, भक्ति गीत और धार्मिक नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं द्वारा पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश लेकर निकाली गई यात्रा ने गांव में आस्था और भक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। गोशाला परिसर पहुंचने के बाद महिलाओं द्वारा हनुमान मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और हनुमानजी की स्तुति में भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति संगीत और धार्मिक माहौल के बीच उपस्थित श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आस्था व्यक्त की। गोशाला परिसर में शिव मंदिर का विधिवत शिलान्यास किया जाएगा। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में तरुण बाल्यान, टीना पटौदी और उनकी पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पीटीआई सुमेर महला, हवलदार हंसराम लांबा, प्रशासक महेंद्र काजला, पूर्व सरपंच कुंभाराम, सूबेदार शीशराम, समाजसेवी विकास काजला, हवलदार इंद्र सिंह, सुमेर सिंह चौधरी, हवलदार मनीराम, गंगाधर काजला, प्रकाश बेरवाल, सुरेंद्र काजला, रघुवीर काजला, ओम प्रकाश पायल, जय नारायण काजला, घीसाराम, लीलाराम सेन, कुलदीप मेघवाल, संतोष देवी, पूजा देवी, कमलेश देवी, रजनी देवी, आशा देवी, सोनू देवी, माया देवी, मुनेश देवी, सुशीला देवी, सजना देवी, कमला देवी, नवीनादेवी, शांति देवी, इंदिरा देवी, अनीता देवी, सोनिया देवी, ममता देवी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## डूडी बने अध्यक्ष



निसं

**साण्डवा (नवयत्न)।** महाशिवरात्रि के पर्व पर तेहनदेसर बिजली बोर्ड स्थित शिव मंदिर में अध्यक्ष पद हेतु गोवर्धन डूडी को सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर सहायक अभियंता नरसी लाल मीना, विरेन्द्र टोक्स, धर्मनाथ सिद्ध, हरफुल बिजारनिया, पूसाराम जाखड़ प्रकाश पुनिया, दीपेन्द्र लाटा आदि मौजूद थे।

# महा शिवरात्रि पर्व पर हुआ रुद्राभिषेक



रामावतार सोनी

**बुगाला (नवयत्न)।** पंडित गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला में श्रद्धा व भक्ति के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। पंडित रविकांत शास्त्री व भवानी शंकर शर्मा ने पूजा अर्चना की। मुख्य यजमान नन्दकिशोर स्वामी व प्रशासक आनन्द बुगालिया रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं, गोभक्तों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रातः काल से ही गोशाला परिसर में भक्तों का आगमन शुरू हो गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग का जल, दूध, दही, घी, शहद एवं बेलपत्र से विधिवत अभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक के दौरान ओम नमः शिवाय के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और गोवंश की रक्षा की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विशेष आरती की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। गोशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर आयोजित रुद्राभिषेक का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ गोसेवा के प्रति जनजागरण करना है। कार्यक्रम में गोशाला के विकास एवं गौवंश संरक्षण को लेकर भी चर्चा की गई। आयोजन को सफल बनाने में समिति सदस्यों व स्वयंसेवकों का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान विजयपाल सिंह, अनिल स्वामी, शिवनारायण बुगालिया, दिव्यांशु, बिंदेश्वर, योगेश कुमावत, अमन, अंकित, नीरज सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# छह डॉक्टरों के पदनाम हटाने पर डाक्टरों में आक्रोश

## काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में रविवार को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज झुंझुनू में प्रिंसिपल द्वारा पदनाम हटाने पर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध। इस दौरान उन्होंने जल्द मामले में कार्रवाई नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। डाक्टरों के संगठन अरिसदा ने इसे प्रिंसिपल की तानाशाही और द्वेषपूर्ण कार्रवाई बताते हुए कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। अस्पताल पीएमओ डॉ अक्षय कुमार शर्मा ने बताया कि प्रिंसिपल ने राजस्थान सेवा नियमों और स्थापित प्रशासनिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया है। किसी भी कार्मिक पर कार्रवाई से पूर्व नोटिस देना, जवाब सुनना और सक्षम स्तर सरकार से अनुमोदन लेना अनिवार्य है, लेकिन इस मामले में किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। चिकित्सकों का कहना है कि उन्हें न कोई नोटिस, न ही पक्ष रखने का अवसर दिया गया। त्यागपत्र दे चुके और सेवानिवृत्त हो चुके चिकित्सकों के पदनाम अब तक विलोपित नहीं हुए, जबकि निरंतर सेवा दे रहे कर्मठ डॉक्टरों को निशाना बनाया गया। बिना पीएमओ की जानकारी और बिना प्रशासनिक स्वीकृति के एकतरफा आदेश जारी किए गए। उनके पदनाम विलोपित होने से अब इन विभागों में फैकल्टी की संख्या श्शून्यश् हो गई है। पिछले 13 दिनों से राजमेस द्वारा सीधे पदस्थापित शिक्षक आपातकालीन सेवाओं का बहिष्कार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भी ये पदनामित चिकित्सक ही ओपीडीए आईपीडीए पोस्टमार्टम, जेल ड्यूटी और राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन कर आमजन को सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद उनके साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ सुनील सिंह, डॉ प्रदीप यादव, डॉ हर्ष सौभरी, डॉ प्रवीण कुमार शर्मा, अजीत कुमार, अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शिव मंदिर में भोलेनाथ को रिझाया



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान गांव के मुख्य बाजार स्थित शिवमंदिर व पिपलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जल, दूध, दही, शहद व बेलपत्र से अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मन्दिरों में ओम नमः शिवाय के जयघोष और घंटा-घड़ियाल की गूंज से भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और देश.प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और विशेष आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित किए। मन्दिर समितियों की ओर से व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक तैनात रहे।

## जेकेके में 64 योगिनियों पर आधारित एका द वन एग्जीबिशन आज से

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर कला केन्द्र की अलंकार दीर्घा में राष्ट्रीय स्तर की ट्रैवलिंग आर्ट एग्जीबिशन एका द वन सोमवार से शुरू होने जा रही है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में वरिष्ठ कलाकार डॉ. बीना एस उन्नीकृष्णन द्वारा बनाई गयी पेंटिंग्स सुबह 11 से शाम 7 बजे तक प्रदर्शित की जाएगी। डॉ. बीना ने पिछले पांच वर्षों में 68 एकल चित्र बनाये हैं। इन चित्रों में 64 योगिनियों के माध्यम से आदिशक्ति की विभिन्न दिव्य अभिव्यक्तियों को समकालीन कला-भाषा में प्रस्तुत किया गया है। ये कृतियाँ स्त्री ऊर्जा की कोमलता, सृजनशीलता, आत्मबोध और संतुलन को रेखांकित करती हैं। कोच्चि, कोयंबटूर, बेंगलुरु, मुंबई, भोपाल और अहमदाबाद के बाद ये सोलो शो जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शनी के साथ ही कलाकार द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री वाई 64 व्हिस्पर्स ऑफद अनसीन का भी प्रदर्शन किया जाएगा। डॉ. बीना एक सामाजिक उद्यमी और सांस्कृतिक चिंतक भी हैं तथा वे कंकाली ट्रस्ट फॉर आर्ट्स एंड कल्चरल इकोनॉमिक डेवलपमेंट की संस्थापक हैं।

# वन विभाग की टीम ने पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की जब्त




निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के तातीजा वन क्षेत्र में देर रात को वन विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पत्थरों से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। यह कार्रवाई रेंजर पवन सिंह शेखावत के नेतृत्व में वन विभाग की टीम द्वारा की गई। विभाग को सूचना मिली थी कि तातीजा वन क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से पत्थरों का खनन कर वन संपदा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

रेंजर पवन सिंह शेखावत ने बताया कि वन विभाग की टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, वहां खनन में लगे व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मौके पर पत्थरों से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ा मिला, जिसे वन विभाग ने जब्त कर लिया। जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सिंघाना नाके पर खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं और संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का खनन करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है और यह वन एवं पर्यावरण संरक्षण कानूनों का उल्लंघन है। अवैध खनन से वन क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना को नुकसान पहुंचता है तथा पर्यावरण संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वन विभाग द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए लगातार निगरानी और नियमित गश्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई के दौरान रेंजर पवन सिंह शेखावत के साथ विजेंद्र सिंह वनपाल, सत्यवान सहायक वनपाल, कुलदीप सिंह वनरक्षक, महेंद्र सिंह वनरक्षक, सरला वनरक्षक तथा महिपाल सिंह वाहन चालक सहित वन विभाग की टीम मौजूद रही, जिन्होंने संयुक्त रूप से कार्रवाई को सफल बनाया।

# भगवान वासुपूज्य का जन्म व तप कल्याणक आज



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जैन धर्म के 12 वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव सोमवार, 16 फरवरी को जैन धर्मावलंबियों द्वारा भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होगें । अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर सोमवार प्रातः वासूपूज्य भगवान के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि के लिए शांतिधारा की जाएगी। तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की जाएगी । पूजा के दौरान जन्म व तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढाये जायेगे । महाआरती के बाद समापन होगा। श्री जैन के मुताबिक श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावड़ी में मूलनायक भगवान वासुपूज्य का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमिया का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सांगानेर के दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी, दिगम्बर जैन मंदिर मांग्यावास सहित कई मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे।

# शहीद सूबेदार शीशराम मंडीवाल की 16वीं पुण्यतिथि मनाई



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम श्यामपुरा-चारणवास में रविवार को शहीद सूबेदार शीशराम मंडीवाल की 16वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके त्याग और बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में वीरांगना भगवती देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं शिक्षाविद् राजेंद्र मंडीवाल तथा राजू फौजी ने शिरकत की।

शहीद के पुत्र संदीप मंडीवाल एवं रिटायर्ड शिक्षा अधिकारी मनीराम मंडीवाल ने उपस्थित सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् दयाराम खैरवा ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह, जयवीर मंडीवाल, धर्मेंद्र, विवेक, विकास, बृजलाल गोठवाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

बताया गया कि शहीद सूबेदार शीशराम मंडीवाल 15 फरवरी 2010 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में सेना के ऑपरेशन रक्षक के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे। वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए युवाओं से देशसेवा के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम देशभक्ति के नारों और श्रद्धांजलि के साथ सम्पन्न हुआ।

# संत पुरसनाराम साहिब का जन्मोत्सव मनाया



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सिंधी समाज के पूज्य संत सतगुरु स्वामी पुरसनाराम साहिब का 193वां जन्मोत्सव सेक्टर-4, जवाहर नगर स्थित स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। पूरा परिसर आकर्षक विद्युत सज्जा, पुष्प श्रृंगार और लाल ध्वजों से सुसज्जित रहा। जय साईं और शंकर भगवान की जय के जयघोष से वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरसनाराम साहिब मंडल के अध्यक्ष साईं मुकेश साध ने धर्मध्वजा फहराकर किया।

वेदमंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने संत स्मरण किया। दोपहर 2 बजे 331 महिलाओं की सामूहिक कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित गजराज की अगुवाई में निकली यात्रा में जिया बैंड ने सिंधी भजनों की स्वर लहरियां बिखेरीं। स्वामीजी का चित्र सुसज्जित बग्घी में विराजमान रहा, जिस पर मार्गभर पुष्पवर्षा की गई।

लाल वेशभूषा में महिलाएं सिर पर गंगाजल से भरे कलश धारण कर भजन-कीर्तन करती रही। सांयकाल भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार गोरधन उदासी व दिलीप उदासी ने सूफियाना भजनों से संगत को मंत्रमुग्ध किया। रात्रि में 193 पाउंड का शाकाहारी केक काटा गया, पल्लव प्रार्थना व महाआरती हुई तथा महाप्रसाद का वितरण किया गया।

देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

## 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा सुसाइड करने के प्रकरण ने पकड़ा तूल



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के वार्ड संख्या 16 में 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के प्रकरण में परिजनों ने आक्रोश प्रकट करते हुए स्टेशन सड़क मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ने आक्रोशित लोगों से समझाइश का प्रयास किया। मामले के अनुसार शहर के वार्ड संख्या 16 निवासी पप्पू सांसी ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया लेकिन परिजन एवं समाज के लोग आक्रोशित हो गए तथा जिला अस्पताल के पास अम्बेडकर सर्किल के पास स्टेशन सड़क को जाम कर दिया तथा धरने पर बैठ गए। आक्रोशित लोगों का आरोप है कि पप्पू को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले लोगों को गिरफ्तार किया जाए, तभी पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाकर शव लिया जाएगा।

## रंग बिरंगे फुलों की सुगंधित पंखुड़ियों से खिलाई राधाकृष्ण को होली



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के पंचमुखी नगर स्थित व्यास कुटीर में ललिता देवी व्यास द्वारा आयोजित राधाकृष्ण संग फुलों की होली का गत सायं फाल्गुन महोत्सव सम्पन्न हुआ। आयोजन का शुभारंभ छोटू राजस्थानी की गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर कृष्ण और राधिका के रूप में सजी भावना और भूमि पर श्रद्धालु महिलाओं ने सुगंधित पुष्प बरसाते हुए राधाकृष्ण की फूलों से ढकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली झांकी सजाई। गायक कुलदीप व्यास द्वारा प्रस्तुत भजन करके इशारो बुलाय गई और आज बिरज में होली रे रसिया जैसे भजनों पर मातृशक्ति ने जमकर नृत्य किया । छोटू मिरासी द्वारा प्रस्तुत मिसरी से मीठे बोल हमारी राधा रानी के और मिलेंगे कुंज बिहारी जैसे भजनों पर सभी ने सुर में सुर मिलाए । कथावाचक पवन जोशी, सुमन शर्मा और सोनू भाटी की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने आयोजन में भक्ति रस बरसाया । पूर्व पार्षद राहुल व्यास ने बताया कि इस अवसर पर पधारी समस्त महिलाओं व कलाकारों का व्यास परिवार की ओर से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व पंडित सुरेश शर्मा के आचार्यत्व में सर्व मंगल की कामना से हुए हवन की पूर्णाहुति पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के सान्निध्य में प्रवीण . गुंजन व्यास के द्वारा दी गई । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने फागोत्सव का खूब आनंद लिया।

## एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग में लगी आग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह अस्पताल में रविवार दोपहर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी मरीज, परिजन या स्टाफ को कोई नुकसान नहीं हुआ। अस्पताल के इमरजेंसी भवन में बिजली के एक स्विच बोर्ड में अचानक चिंगारी भड़कने से आग लग गई। आग ने पास में रखे कुछ दस्तावेजों और उपकरणों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे परिसर में धुआं फैल गया। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगना सामने आया है। हालांकि, विस्तृत जांच जारी है। वहीं कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. राशिम कटारिया ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया। इसमें जनरल सर्जरी की एचओडी डॉ. प्रभा ओम, सीनियर प्लास्टिक सर्जन डॉ. आर.के. जैन और हॉस्पिटल में मौजूद इलेक्ट्रिक के इंजीनियर को शामिल किया है, जो इस पूरे प्रकरण की जांच करके अधीक्षक को रिपोर्ट करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने से कई मरीजों की मौत हो गई थी। इस बार समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया और अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## विशेष शिविर 18 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक की सुजानगढ़ यात्रा के दौरान 18 फरवरी को सवेरे 10 बजे सुजानगढ़ पंचायत समिति सभागार में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उद्योग विभाग, राजस्थान दक्षता एवं आजीविका विकास निगम तथा राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड की सेवाओं का लाभ दिया जाएगा।

# बजरंग वाटिका व सुलभ केन्द्र का लोकार्पण

## विकास में कोई कमी नहीं आएगी, ना भेद भाव होगा : मील

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** खण्डेला विधायक सुभाष मील ने रविवार को आमली वाले बालाजी के पास बजरंग वाटिका व सुलभ केन्द्र का लोकार्पण किया। दोनों का ही निर्माण नगर पालिका की ओर से किया गया है। इसके लिए भूमि का दान वैष्णव परिवार जो कि आमली वाले बालाजी के पुजारी है कि ओर से किया गया। इस मौके पर विधायक सुभाष मील ने कहा कि क्षेत्र व रींगस में किसी भी प्रकार से विकास के कार्यों में ना तो कोताही बरती जायेगी और ना ही किसी के साथ भेदभाव किया जायेगा।

समानता के साथ विकास कार्य किये जा रहे है। सभी के लिए उनके दरबाजे आधी रात को भी खुले है। इस दौरान सैन समाज की ओर से विधायक सुभाष मील का पुष्प वर्षो के साथ स्वागत किया गया। सुभाष मील ने विधानसभा में सैन जयंती पर अवकाश की मांग की थी। इस दौरान आयोजित हुए कार्यक्रम में अनेक वार्डो की महिलाए भी पहुंची तथा जमकर भजन व मंगल गीत गाकर विधायक सुभाष मील का स्वागत किया। नगर पालिका के उपाध्यक्ष अमित कुमार शर्मा की पहल पर यह विकास कार्य हुए है। इस दौरान अमित शर्मा ने कहा कि जनता की पहल पर अनेक विकास कार्य होंगे। उन्होने मुझे प्रेरित किया तथा भूमि दान में दी। आगे भी में जनता के साथ खड़ा रहूंगा।

### वैष्णव समाज का विधायक ने किया सम्मान

विधायक सुभाष मील ने भूमि दान देने वाले वैष्णव समाज के एक दर्जन लोगों का फुल माला पहना कर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सुलभ केन्द्र व बजरंग वाटिका का लोकार्पणकिया। सुलभ केन्द्र व बजरंग वाटिका का लाम मंदिर आने वाले भक्तों को मिल सकेगा।

यहा ऐसी सुविधाए नहीं थी जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा था। सुभाष मील ने वहा पर बने चबूतरे पर जल्द ही छत डालने का आश्वासन दिया। इस मौके पर तहसीलदार महेश ओला, आयुष कानूनगो, महेन्द्र बधाला, राजेन्द्र भातरा, छोगाराम सैन, विष्णु गंगावत, प्रदीप शर्मा, ओम प्रकाश



कौरकन्या, दीपक बाजिया, राजकुमार काबरा, बाबूलाल कुमावत, मुकेश जांगिड़, नंदकिशोर साबू, अर्जुन कुमावत, बनवारी लाल स्वामी, राजकुमार, महेश स्वामी सहित कई लोग व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर टमकोर स्थित गोरखनाथ मंदिर प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 1000 से अधिक हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे और पूरे गांव में धार्मिक उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी मंदिर से गोरखनाथ मंदिर तक भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। 251 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया जबकि लगभग 500 से अधिक महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। जयघोष और भक्ति गीतों के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। सम्मेलन के दौरान सर्व हिंदू समाज द्वारा सामूहिक हवन किया गया। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं वक्ताओं के ओजस्वी संबोधन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कुटुंब प्रमुख राजाराम ने समाज की एकता और सांस्कृतिक जागरण पर प्रकाश डाला। वहीं योगेंद्र सिंह विभाग सेवा प्रमुख ने संगठन, सेवा और संस्कारों की महत्ता पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जयचंद्रन,




तनसुख स्वामी, सुरेंद्र उपाध्याय, प्रेमचंद पारीक, प्रेमचंद जांगिड़, संपत जांगिड़, राजेंद्र शर्मा, कन्हैयालाल जांगिड़, धनराज, सुरेश स्वामी, विजयपाल चाहर, संतोष शर्मा, फतेह सिंह, चतुर्भुज पुरोहित, अनुराग, अभय सिंह, प्रमोद शर्मा, चतुर्भुज शर्मा, विक्रम सिंह, रघुवीर सिंह, तरुण जांगिड़, पवन अग्रवाल, विजयपाल, बाबूलाल सैनी, नरोत्तम शर्मा, रणवीर सिंह, पूरणमल, शंकर लाल, कपिल शर्मा, श्रवण कस्वा, अनिल पूनिया, सुभाष भार्गव, सुभाष मथुरिया, पंडित प्रकाश शर्मा, पंडित दीपक शर्मा, सुभाष शर्मा, विनोद शर्मा, महेंद्र सैनी, मुकेश सैनी, राहुल जोशी, जुगल किशोर, पूर्णाराम, बंशीधर जांगिड़ जाबासर सहित आसपास के गांवों से आए हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। ग्राम टमकोर में आयोजित यह विराट हिंदू सम्मेलन सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक जागरण का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।

## महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी गुलाबी नगरी जयपुर में बसे पावन श्रद्धा स्थल श्री अमरापुर स्थान में रविवार को प्रात: 6 से 11 बजे तक सामूहिक प्रार्थना, पंचाक्षर मंत्रो उच्चारण स्तोत्र पाठ, संतों का सत्संग, हवन-यज्ञ अनुष्ठान, श्री अमरापुरा मंदिर में स्थित श्री अमरापुरेश्वर महादेव मंदिर में भोले नाथ का गाजर, बैर, आक, दुग्ध, बेलपत्र से विशेष अभिषेक किया गया। जिसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल आम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भोले बाबा की बर्फ की झांकी सजाई गई। इसी के साथ नन्ने मुन्ने बच्चों भी विभिन्न प्रकार की झांकियों में शामिल हुए। बच्चों ने भोलेनाथ का रुप धारण कर शानदार अभिनय किया। भक्तों ने प्रात: 6 से 12 बजे व दोपहर 3 से देर रात 9 बजे तक विभिन्न झांकियों के साथ अमरापुरेश्वर महादेव के दर्शन किए। मंदिर के मुख्य द्वार पर आकर्षण रंगोली बनाई बनाई गई। जो महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बनी।

## विराट हिन्दू सम्मेलन में धर्म, संस्कृति और एकता का दिया सन्देश



**तारानगर ( नवयत्न )।** अभिमन्यु बस्ती की किशन गिरी बगीची में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन ने धर्म, संस्कृति और समाज में एकता की नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण गिरी महाराज ने की। मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम ने पंच परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जागरण और नागरिक कर्तव्यों पर गहरे विचार व्यक्त किए। प्राध्यापक अनसुईया ने नारी जागृति पर अपने विचार रखते हुए समाज में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस दौरान बस्ती की मातृशक्ति ने कलश यात्रा में भाग लिया, जो सम्मेलन की विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। कार्यक्रम में अनुप खंडेलवाल, नरेंद्र भाटी, विजय सिंह, संजय कुमार, हरि इंदौरिया, वीर बहादुर सिंह महेंद्र कुमार, छगन लाल, जितेंद्र भाटी, नरसाराम, जगदीश स्वामी, रणजीत बुडानिया, महेश मंत्री, दीनदयाल सहित कई प्रबुद्धजन और बस्तीवासी उपस्थित थे। इस आयोजन ने समाज में हिन्दू धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ एकजुटता का संदेश दिया।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग की हुई पूजा अर्चना

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मंदिर श्री गीता गायत्री द्वादश ज्योतिर्लिंग में महाशिवरात्रि महोत्सव परम श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पावन आयोजन पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात:काल द्वादश ज्योतिर्लिंग का दिव्य पंचामृत एवं औषधि अभिषेक कर नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। महाशिवरात्रि की विशेष चार प्रहरों की दिव्य भाव पूजा का शुभारंभ सायं 6:15 बजे पंचामृत अभिषेक एवं दुग्धाभिषेक के साथ हुआ।

**द्वितीय प्रहर** - गन्ने के रस से अभिषेक

**तृतीय प्रहर** - विभिन्न ऋतु पुलों के रस से अभिषेक

**चतुर्थ प्रहर** - कदली केला फल रस से अभिषेक प्रत्येक प्रहर में अलग-अलग दिव्य श्रृंगार, धूप-दीप, आरती विभिन्न भजनों के माध्यम से बाबा का अलौकिक सज्जा और पूजन किया गया । समूचा मंदिर परिसर भक्तिए श्रद्धा और हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो गया महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं ।

## राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा-तारानगर की बैठक सेडूराम बाकोलिया गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पालाराम जिंदल ने की। बैठक में पेंशनर्स भवन के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया एवं आरजीएचएस की दवाइयों की उपलब्धता की समस्या पर चर्चा की व समस्या निराकरण के लिए जिला नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रयासों के लिए साभार धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में माह फरवरी में जन्मदिन वाले पेंशनर्स गिरधारीलाल सोलंकी, सुलतानसिंह पूनिया व पालाराम शर्मा का माल्यार्पण कर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। इनके द्वारा संगठन को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की गई। बैठक में पालाराम जिंदल, जीताराम जांदू, डूंगरराम गोदारा, राजकुमार प्रजापत, ताराचंद शर्मा, किस्तूरचंद मोठसरा, जयप्रकाश स्वामी, अमीलाल धायल, कन्हैयालाल, भंवरलाल पूनियां, सेडूराम, विनोद कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन उपशाखा सचिव रामस्वरूप सहारण ने किया।

## डिजिटल जनगणना 2027 के प्रशिक्षण आज से

**चूरू ( नवयत्न )।** डिजिटल जनगणना 2027 हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण सोमवार से आयोजित किए जाएंगे। सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ रामगोपाल सेपट ने बताया कि जनगणना हेतु जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपजिला जनगणना अधिकारी एवं उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, तहसील स्तर पर चार्ज अधिकारी तहसीलदार तथा नगर परिषद व नगर पालिका स्तर पर चार्ज अधिकारी आयुक्त व अधिशासी अधिकारी का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला परिषद स्थित सभागार में तथा चार्ज स्तर के कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण लोहिया महाविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर में सोमवार को सवेरे 10 बजे से आयोजित होगा।

## भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष आज आएंगे सीकर प्रवास पर

**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा सोमवार को सीकर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उनका जयपुर के प्रदेश कार्यालय से लेकर सालासर तक कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। वे इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार के बजट पर युवा संवाद भी करेंगे। भाजपा के जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा सुबह 9 बजे जयपुर प्रदेश भाजपा कार्यालय से सालासर के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां से वे भवानी निकेतन, 14 नंबर पुलिया, हरमाड़ा, राजावास, टांटियावास टोल, रामपुरा, गढ़ गणेश चौमूं पहुंचेंगे। यहां पर कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन होगा। गोरा दोपहर 12:45 बजे गोविंदगढ़ होते हुए जिले की सीमा सरगोठ में प्रवेश करेंगे। यहां से रींगस, पलसाना, रानोली, त्रिलोकपुरा, बाजौर, रामू का बास होते हुए दोपहर 2:30 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। वे यहां युवा संवाद एवं प्रेस वार्ता करेंगे। भाजयुमो जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोरा भाजपा कार्यालय से रोड शो के साथ दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर सांवली सर्किल, रानी सती मंदिर, बहड़ सर्किल, रामलीला मैदान, कल्याणजी का मंदिर, घंटाघर, सूरजपोल गेट, जाट बाजार, कल्याण सर्किल, डाक बंगला, बालाजी हॉस्पिटल पिपराली रोड, युवी रेजिडेंसी, बढ़ाढ़र तिराहा होते हुए सायं 4:30 बजे लक्ष्मणगढ़ पहुंचेंगे।

# वन विभाग की टीम पर लकड़ी तस्करों ने किया जानलेवा हमला

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** जिले में लकड़ी तस्करों के हौसले इस कदर बुलंद हैं अगर वन विभाग की टीम भी कार्रवाई करे तो उस पर हमला करने से नहीं चुकते। शनिवार देर रात सूरजगढ़ क्षेत्र के सिरसला गांव में ऐसा ही मामला सामने आया। चिड़ावा रेंजर सुमन कुमारी के अनुसार शनिवार देर रात लगभग 2 बजे गस्त के दौरान हरी लकड़ियों की तस्करी की सूचना मिलने पर सूरजगढ़ क्षेत्र के सिरसला गांव के पास टीम द्वारा नाकाबंदी की गई। इस दौरान टीम को खेजड़ी की हरी लकड़ियों से भरी हुई दो पिकअप आती हुई दिखाई दी। सिरसला से तस्कर बचकर निकल गए जिसका वन विभाग की टीम ने धिंगडिया गांव तक पीछा किया। धिंगडिया में एक पिकअप तेज गति से आगे निकल गई। जबकि एक पिकअप के आगे वन विभाग की टीम ने अपना वाहन लगा दिया। लकड़ी तस्कर ने पीछे से वन विभाग के वाहन को दो बार जोरदार टक्कर मारी और आगे निकल गया। वन विभाग की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए फिर पिकअप का पीछा किया और चोराड़ी के पास फिर उस पिकअप के आगे अपना वाहन लगाया और उसे रोक लिया। जैसे ही वन विभाग के अधिकारी वाहन से नीचे उतरने लगे वैसे ही लकड़ी तस्कर ने फिर पिकअप से वन विभाग की कैंपर के दरवाजों पर दो कई बार जोरदार टक्कर मारी। इस दौरान गनीमत यह रही कि वन विभाग की टीम अपने वाहन से नीचे नहीं उतर पाई थी। वहां से भी लकड़ी तस्कर अपनी पिकअप को भगा ले गए। टीम ने फिर पीछा करके सूरजगढ़-बुहाना रोड़ पर पिचानवावासी के पास फिर वन विभाग की टीम ने तस्कर को घेर लिया। लकड़ी तस्कर ने वन विभाग के वाहन को फिर से जानलेवा टक्कर मारने की नीयत से जैसे ही तेजी से पिकअप पीछे ली तो गाड़ी पीछे गड्ढे में फंस गई और उसका एक्सल टूट गया। इस दौरान चालक पिकअप छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। पिकअप वाहन को विभाग की टीम ने जब्त कर लिया। बार-बार टक्कर लगने से वन विभाग की कैंपर गाड़ी पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टीम में रेंजर चिड़ावा सुमन कुमारी के साथ वनपाल मुकेश कुमार, सुधीर भड़िया, सहायक वनपाल सुशीला रणवां, वन रक्षक प्रकाश आनंद बुडानिया शामिल थे। घटना की जानकारी मिलने पर एसीएफझुंझुनू कमलचंद, एसीएफ



झुंझुनू हरेंद्र भाकर, फ्लाइंग रेंजर संदीप लॉयल व रेंजर नवलगढ़ अमित सैनी मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम द्वारा तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

## सम्पादकीय

# शहरी विकास का एजेंडा

## एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता से विकास की तैयारी



केंद्रीय कैबिनेट ने शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए अर्बन चैलेंज फंड (शहरी चुनौती कोष) को जो स्वीकृति दी, उसके तहत अगले पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता दी जाएगी।

नि:संदेह शहरों के कायाकल्प की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है और आशा की जाती है कि इस योजना का हश्र स्मार्ट सिटी योजना की तरह नहीं होगा। कैबिनेट के फैसले से यह लगता भी है कि स्मार्ट सिटी योजना के अपेक्षित परिणाम न मिलने से सीख ली गई है और इसीलिए यह प्रविधान किया गया है कि केंद्र सरकार शहरों की दशा सुधारने वाली परियोजना की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा तभी वहन करेगी, जब उसके लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया जाए।

शेष 25 प्रतिशत राशि का प्रबंध राज्य सरकारों या फिर संबंधित शहरों के स्थानीय निकायों को करना होगा। राज्यों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे शहरों के स्थानीय निकायों के साथ मिलकर ऐसा करने में समर्थ हों। चूंकि यह योजना इस वर्ष के बजट के उस प्रविधान के अनुरूप है, जिसके तहत शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव दिया गया था, इसलिए यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार शहरों की दशा सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्र सरकार को उम्मीद है कि शहरी चुनौती कोष से अगले पांच वर्षों में शहरों में चार लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट शुरू हो सकते हैं। यदि ऐसा हो सके तो इससे बेहतर और कुछ नहीं, क्योंकि हमारे शहर नागरिक सुविधाओं के अभाव से जूझने के साथ जर्जर बुनियादी ढांचे का सामना कर रहे हैं। वे अनियोजित विकास का पर्याय भी बन रहे हैं।

इसी कारण शहरों के बुनियादी ढांचे को संवारने अथवा नागरिक सुविधाओं को ठीक करने वाली कोई भी परियोजना कुछ ही वर्षों में अपर्याप्त अथवा समस्याग्रस्त नजर आने लगती है। इस विषम स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब शहरों के आधारभूत ढांचे का विकास दीर्घकालिक चुनौतियों, पर्यावरण हितों और आबादी के लगातार बढ़ते दबाव को ध्यान में रखकर किया जाए। जब ऐसा होगा, तभी हमारे शहर नगरीय जीवन को सुविधाजनक बनाने के साथ आर्थिक विकास के केंद्र बन पाएंगे। यदि भारत को सचमुच विकसित देश बनना है तो उसे अपने छोटे-बड़े शहरों को संवारना ही होगा, क्योंकि एक तो आने वाले समय में शहरों में रहने वाली आबादी तेजी से बढ़ेगी और दूसरे यह किसी से छिपा नहीं कि आज के युग में शहर आर्थिक प्रगति के इंजन हैं। यह अच्छा है कि केंद्र सरकार दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के साथ एक लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले औद्योगिक शहरों को भी अपनी नई योजना के दायरे में लाना चाहती है, लेकिन बात तब बनेगी जब राज्य भी अपने शहरों की सूरत संवारने की ललक दिखाएंगे।

## विशेष आलेख

# ब्रह्मपुत्र पर प्रोजेक्ट बनाने वाले चीन को मोदी ने दिया जवाब, नदी के नीचे सुरंग बनाने का किया ऐलान



मोदी सरकार पूर्वोत्तर को सामरिक और आर्थिक शक्ति का केंद्र मानकर योजनाएं बनाती है और स्वयं प्रधानमंत्री जिस तरह लगातार पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरों के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास की गति को रफ्तार देते हैं उसकी बदौलत हाल के वर्षों में यहां की दशा दिशा में बड़ा बदलाव आया है। आज भी असम के डिब्रुगढ़ के पास मोरान बाइपास पर चीन सीमा के करीब बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उतर कर बड़ा सामरिक संदेश दिया। साथ ही गोहपुर से नुमालीगढ़ तक प्रस्तावित चार लेन हरित मार्ग और ब्रह्मपुत्र के नीचे सड़क और रेल सुरंग परियोजना मिलकर सुरक्षा, संपर्क और समृद्धि की नई कहानी लिख रहे हैं। यह संयोग नहीं, स्पष्ट रणनीति है। मोरान बाइपास पर बना 4.2 किमी का सुदृढ़ खंड अब ऐसा राजमार्ग है जो कुछ ही मिनट में सैन्य रनवे में बदल सकता है। विशेष कंक्रीट से बनी यह पट्टी तेज गर्मी और भारी वजन सहने में सक्षम है। इस पर लड़ाकू विमान, भारी परिवहन विमान और हेलिकाप्टर उतर सकते हैं। यह दोहरे उपयोग वाली परिसंपत्ति है, जो शांति के समय जन सुविधा और संकट के समय सैन्य ताकत का आधार बनती है। प्रधानमंत्री का खुद इस पट्टी पर उतरना एक प्रतीक भर नहीं था। यह साफ संकेत था कि भारत अपनी सीमा सुरक्षा को लेकर सजग, सक्रिय और आत्मविश्वासी है। संदेश यह भी कि अब भारत पहले से तैयारी रखने वाला देश है। सीमा के पास तेज तैनाती, त्वरित रसद और वैकल्पिक हवाई पट्टियां किसी भी संघर्ष की स्थिति में खेल बदल सकती हैं।

यह सुविधा चीन सीमा से लगभग 300 किमी दूरी पर है। यदि किसी हालात में मुख्य हवाई अड्डे निशाने पर आएं, तो ऐसी पट्टियां वायु सेना को संचालन जारी रखने का विकल्प देती हैं। अलग अलग राजमार्गों पर ऐसे बिंदु बनाकर भारत एक तरह का फैलाव आधारित वायु रक्षा जाल तैयार कर रहा है, जिसे निष्क्रिय करना किसी भी विरोधी के लिए कठिन होगा।

इसका महत्व केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी आपदा के समय यही पट्टियां राहत का जीवन मार्ग बन सकती हैं। भारी विमान सीधे राहत सामग्री, बचाव दल और चिकित्सा सहायता लेकर दूर दराज इलाकों तक पहुंच सकते हैं। पूर्वोत्तर जैसे संवेदनशील और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में यह क्षमता अमूल्य है।

अब बात दूसरी बड़ी पहल की। केंद्र सरकार ने गोहपुर से नुमालीगढ़ तक लगभग 33.7 किमी लंबे चार लेन नियंत्रित हरित मार्ग को मंजूरी दी है। इसकी लागत 18,662 करोड़ रुपए है। इस परियोजना का सबसे साहसिक हिस्सा है ब्रह्मपुत्र के नीचे 15.79 किमी लंबी टिवन ट्यूब सड़क और रेल सुरंग। यह केवल इंजीनियरिंग का कमाल नहीं, रणनीतिक सोच का उदाहरण है। अभी गोहपुर से नुमालीगढ़ पहुंचने में करीब 240 किमी और छह घंटे लगते हैं। नया मार्ग समय और दूरी दोनों घटाएगा। इससे असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और अन्य राज्यों में माल ढुलाई तेज होगी, लागत घटेगी और व्यापार बढ़ेगा। यह मार्ग कई आर्थिक केंद्र, पर्यटन स्थल, रसद बिंदु, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और जलमार्ग टर्मिनल को जोड़ेगा। अनुमान है कि इससे लाखों मानव दिवस का रोजगार बनेगा।

इस परियोजना का सामरिक अर्थ भी गहरा है। चीन अक्सर ब्रह्मपुत्र पर या उसके आसपास नई जल और ढांचा परियोजनाओं की घोषणा करता रहा है, जिससे निचले क्षेत्रों में चिंता पैदा होती है। ऐसे माहौल में भारत का ब्रह्मपुत्र के नीचे टिवन ट्यूब सुरंग बनाना एक मजबूत संदेश है। भारत दिखा रहा है कि वह नदी को डर या विवाद का विषय नहीं, बल्कि विकास और संपर्क का माध्यम मानता है। नदी के ऊपर ही नहीं, नीचे से भी संपर्क मजबूत किया जा सकता है।

यह कदम यह भी बताता है कि भारत पूर्वोत्तर को स्थायी रूप से देश की मुख्यधारा के ढांचे से जोड़ना चाहता है। तेज सैनिक आवाजाही, बेहतर रसद, मजबूत आर्थिक संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा, सब एक साथ साधे जा रहे हैं। यह बहुस्तरीय सोच ही किसी क्षेत्र को हाशिये से केंद्र में लाती है।

सच यह है कि लंबे समय तक पूर्वोत्तर को नीति में उतनी प्राथमिकता नहीं मिली जितनी मिलनी चाहिए थी। कठिन भूगोल और कम आबादी को बहाना बनाया गया। पर अब ढांचा निर्माण की रफ्तार बदली है। सड़क, रेल, हवाई संपर्क और डिजिटल ढांचा, हर दिशा में काम दिखता है। यह बदलाव केवल कागज पर नहीं, जमीन पर दिख रहा है।

# कांग्रेस पर भारी पड़ता राहुल का रवैया, बयानों में तर्क और तथ्य का अभाव

संसद के बजट सत्र में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई तो राहुल गांधी ने 2020 में गलवन में चीनी सेना के साथ हुई खूनी झड़प के बहाने मोदी सरकार को घेरना आवश्यक समझा। समझना कठिन रहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने के बजाय उन्होंने चीन के साथ हुए संघर्ष और तनाव का मुद्दा क्यों उठाया? उनकी मानें तो उन्होंने इस विषय को इसलिए उठाया, क्योंकि भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस शासन की विफलताओं को रेखांकित किया था और आतंकवाद एवं माओवाद से निपटने में उसकी कमजोर इच्छाशक्ति का उल्लेख किया था। इसे राहुल ने कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल समझा और उसका जवाब देने के लिए वे गलवन संघर्ष के समय जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के एक पत्रिका में छपे अंश पढ़ने की कोशिश करने लगे। जब लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी तो वे जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक की कथित प्रति संसद परिसर में लहराने लगे। राहुल के हिसाब से इस पुस्तक के जो अंश एक पत्रिका में छपे हैं, उनके अनुसार गलवन की घटना के बाद जब चीनी सेना के टैंक भारत की ओर बढ़ रहे थे तो प्रधानमंत्री की ओर से उन्हें स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए। पता नहीं पत्रिका ने नरवणे की पुस्तक के अंशों की ऐसी व्याख्या कैसे की, क्योंकि वे यही बताते हैं कि प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि जो उचित समझें, वह करें। आखिर इसमें किसी तरह की अस्पष्टता की गुंजाइश कहां रह जाती है? ध्यान रहे कि खुद जनरल नरवणे कई बार कह चुके हैं कि भारतीय सेनाओं ने चीनी सेनाओं को सबक सिखाया।

जहां तक गलवन संघर्ष को लेकर जनरल नरवणे के पुस्तक लिखने की बात है, यह अस्वाभाविक सा है कि कोई सेनाध्यक्ष हालिया सैन्य संघर्ष पर अपने संस्मरण लिखे। इसी कारण रक्षा मंत्रालय ने अभी तक उनकी पुस्तक के प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है। इस पुस्तक में क्या लिखा है, इस पर कुछ कहना कठिन है। इस अप्रकाशित पुस्तक के अंश सार्वजनिक कैसे हुए, इसकी दिल्ली पुलिस जांच कर रही है, क्योंकि प्रकाशक का कहना है कि उसकी ओर से जनरल नरवणे की पुस्तक किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं हुई है।

## स्वास्थ्य समाचार

# स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं कद्दू के बीज

कद्दू के बीज का सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। कद्दू के बीज से लेकर सब्जी तक सभी का सेवन फायदेमंद होता है लेकिन क्या आपको पता है कि स्किन के लिए भी कद्दू के बीज काफी फायदेमंद होते हैं। यह आपको अंदर से खूबसूरत बनाने में मदद करता है। इसके बीज त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ त्वचा की मरम्मत करने में भी मदद करते हैं। इतना ही नहीं कद्दू के बीज में पाए जाने वाले एंजाइम, विटामिन और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड होते हैं, जो डेड स्किन सेल्स को खत्म कर सकता है। इससे नए सेल्स बनने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यह आपकी स्किन को स्मूदनिंग और ब्राइटनिंग बनाता है, जिससे त्वचा में निखार आता है। अगर आप भी अपनी स्किन में अंदर से निखार लाना चाहते हैं, तो कद्दू के बीज का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपको काफी लाभ मिलता है।



**झुर्रियां कम करे :** स्किन का अच्छे से ख्याल न रखने पर आपकी स्किन में जल्दी झुर्रियां और फाइन लाइन्स आने लगते हैं। त्वचा में कसाव लाने के लिए आप कद्दू के बीज का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंजाइम और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड आपकी स्किन का ढीलापन दूर करने में मदद करते हैं। यह आपकी सेल्स को जल्दी टर्नओवर करने में मदद करता है। इससे आपका चेहरा इतना सुंदर और चमकदार दिखाई देता है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए आप कद्दू के बीज के फेसमास्क बना सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज एक चम्मच, एक चम्मच हल्दी पाउडर और एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर एक अच्छा मिश्रण तैयार कर लें। इस मिश्रण को अच्छे से अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट बाद इसे धो लें।

**मुहांसों को ठीक करना :** कद्दू के बीज न केवल आपकी त्वचा में निखार लाते हैं बल्कि कील-मुहांसों को भी दूर करने में मदद करता है। इसमें भरपूर मात्रा में जिंक पाया जाता है, जो सीबम प्रोडक्शन को कंट्रोल करता है। इससे आपके मुहांसे जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**कैसे करें इस्तेमाल:** इसके लिए आप कद्दू के बीच और गुलाब जल का पेस्ट मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। साथ ही इस पेस्ट को मुहांसे पर भी लगा सकते हैं, जिससे वह जल्दी ठीक हो सकते हैं। फिर इसे 10 मिनट बाद धो लें और त्वचा क्लीयर नजर आती है।

**त्वचा की रंगत में सुधार :** कद्दू के बीज में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें बीटा केरोटीन होता है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों से डैमेज हुई स्किन को दूर करने और त्वचा की बनावट को सही करने में मदद करता है। इससे आपकी त्वचा टोन होती है और लचीलापन भी आता है। साथ ही इससे स्किन खूबसूरत नजर आती है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** कद्दू के बीज को आप मॉइश्चराइजर की तरह भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज पीसकर, नारियल तेल और दालचीनी मिलाकर एक पैक तैयार कर लें। फिर इस पैक का इस्तेमाल करें।

### दाग-धब्बे कम करे

चेहरे के ब्लैक स्पॉट्स आपके चेहरे की खूबसूरती को खराब कर सकते हैं। इसे छिपाने के लिए हम कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इससे आपको दाग-धब्बों से निजात नहीं मिलती है। लेकिन इसके लिए आप कद्दू के बीज का उपयोग काफी फायदेमंद होता है। इससे आप प्राकृतिक रूप से अपने मुहांसों के दाग-धब्बों को दूर कर सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल

डार्क स्पॉट्स ठीक करने के लिए आप एक चम्मच कद्दू के बीज, एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू रस और विटामिन ई ऑयल मिलाकर एक अच्छा फेसपैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को चेहरे पर 15 मिनट के लिए सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

### स्किन का पीएच स्तर बनाए रखे

कद्दू के बीजों को अल्काइन फार्मिंग में गिना जाता है, जो स्किन के पीएच स्तर को बनाए रखता है। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट और सुंदर बनी रहती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

इसके लिए आप कद्दू के बीज को भिगोकर खा सकते हैं। इसके अलावा आप इसे पीसकर भी लगा सकते हैं।

# डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान से कम नहीं है शहतूत, यह फायदे सुनते ही रोजाना खाएंगे

आजकल के लाइफस्टाइल की वजह से डायबिटीज रोग लोगों के बीच बेहद आम समस्या बनकर रह गया है। स्थिति यह है कि न सिर्फ अधिक उम्र के लोग बल्कि युवा और बच्चे भी आज डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। यह एक ऐसा खतरनाक रोग है, जो शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। अगर आप भी इस समस्या से पीड़ित हैं तो शहतूत को अपनी डाइट का हिससा बना लीजिए। शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। स्वाद में खट्टा-मीठा और रसीला यह फल डायबिटीज सहित कई बीमारियों के इलाज में मदद कर सकता है। सफेद शहतूत में फाइबर, विटामिन सी,आयरन सहित प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन ए जैसे तत्व भी भारी मात्रा में पाए जाते हैं।

**शहतूत कैसे कंट्रोल करता है डायबिटीज :** शहतूत की पत्तियों में डीएनजे नामक तत्व पाया जाता है, जो आंत में बनने वाले अल्फा ग्लूकोसाइडेज एनजाइम से मिलकर एक बॉन्ड बनाता है। यह बॉन्ड खून में शुगर की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसके अलावा डीएनजे लिवर में बनने वाले अतिरिक्त ग्लूकोज को भी नियंत्रित करता है। इसकी पत्ती में एकरबोस नामक कम्पोनेंट भी पाया जाता है, जो खाना खाने के बाद की शुगर को नियंत्रित करता है।

**शुगर कंट्रोल करने के लिए कैसे करें शहतूत का इस्तेमाल**

- सब्जी बनाकर या सलाद में खाएं।
- अगर आप इसे सब्जी या सलाद में नहीं खा सकते हैं तो दिन में एक बार मुंह में रख लें और चबाएं।
- चाय के रूप में आप शहतूत की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं।



**मधुमेह ही नहीं अन्य रोगों में भी फायदेमंद है शहतूत-**

**मोटापा घटाए :** कई अध्ययनों से पता चला है कि शहतूत के पत्ते फैट बर्निंग और वेटलॉस के लिए एक प्राकृतिक उपचार है। एक अध्ययन के अनुसार, कई जानवरों में शहतूत की पत्तियों का अर्क पीने से उनका मोटापा और उससे जुड़े तमाम रोगों में कमी हुई।

**पाचन तंत्र :** शहतूत न सिर्फ हमारे डायजेशन सिस्टम को दुरुस्त रखता है, बल्कि इसमें डायबिटीज और कॉलेस्ट्रोल लेवल को बैलेंस करने की भी क्षमता होती है। इतना ही नहीं,शहतूत कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियों से भी राहत दिला सकता है।

### आयरन

शहतूत में मौजूद कार्बोहाइड्रेट खून में शुगर को ग्लूकोज में कन्वर्ट करने का काम करती है। इससे कोशिकाओं को ज्यादा एनेर्जी मिलती है। शहतूत से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ती है और टिशू को पर्याप्त ऑक्सीजन भी मिल पाता है।

### बालों का झड़ना

एक्सपर्ट कहते हैं कि शहतूत खाने से बाल झड़ने की समस्या भी दूर हो सकती है। ये फल कील, मुहांसे, ड्राय या सेंसिटिव स्किन के झंझट से भी मुक्ति दिला सकता है।

### घाव भरने के लिए

शहतूत के पत्तों को घाव या फोड़े पर लगाने से भी फायदा मिलता है। इसे घाव पर लगाने से घाव बहुत जल्दी भर जाते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

### वृष

शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

### मिथुन

दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

### कर्क

जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

### सिंह

यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा।

### कन्या

नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

### तुला

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है।

### वृश्चिक

ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

### धनु

पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

### मकर

नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

### कुंभ

पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है।

### मीन

पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

# भागवत कथा से गूंजेगा सुजडोला, क्षेत्रभर के श्रद्धालु होंगे शामिल

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आनंद, आस्था और भक्ति के माहौल में सुजडोला सहित आसपास के गांवों में 17 से 26 फरवरी तक भव्य धार्मिक आयोजन एवं मेले का आयोजन होगा। इस दौरान संगीतमय भागवत कथा का आयोजन आकाश गिरि महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। सुजडोला स्थित बाबा मढ़ी वाला जोहड़ काशीपुरी, मोहन गिरी की क्षेत्र में विशेष धार्मिक मान्यता है। इस धाम से लिखवा, सुजडोला, दमकोरा, छापड़ा सहित झुंझुनू जिले के सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी महेश बसावतिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 17 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गांव की गलियों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगी। ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयघोष के साथ निकाली जाने वाली यह यात्रा धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक बनेगी। इसके बाद संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा के दौरान आनंद कृष्ण महाराज अपने प्रवचनों और भावपूर्ण कथावाचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और सनातन संस्कृति से जुड़े प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। दस दिवसीय आयोजन के दौरान मेले में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की विशेष छटा देखने को मिलेगी। सुजडोला के साथ दमकोरा, लिखवा, छापड़ा और सूरजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से संत-महात्मा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन के आयोजक समस्त ग्रामवासी हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक लाभ लेने की अपील की है। आयोजन को लेकर गांव को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था को सशक्त करते हुए सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपराओं को नई मजबूती प्रदान करेगा।

# दो कार्टूनों में भरे 42 कबूतरों जब्त कर तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने दो कार्टूनों में भरे 42 कबूतरों को आजाद करवाते हुए वनजीव तस्करी के आरोप में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि कबूतरों को दौड़-फाइट के लिए कार्टूनों में बंद कर मकराना ले जाया जा रहा था। पुलिस वन्यजीव तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सरफराज खान 20, मोहम्मद जुनैद 20 और मोहम्मद सोनू 22 निवासी मकराना नागौर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 2 कार्टूनों में भरे 42 कबूतरों को आजाद करवाया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एमआई रोड पर जमीदारा ट्रेवल्स के सामने 3 लड़के खड़े हैं, जिनके पास 2 कार्टून हैं। जिनमें से तेज फड़फड़ाने की आवाज आ रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों संदिग्धों को पकड़कर कार्टून की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके अंदर ठूस-ठूस कर भरे 42 सफेद कबूतर मिले। पुलिस ने मौके पर ही कबूतरों को आजाद करवा कर तीनों तस्करों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी कबूतरों की दौड़ और फाइट के लिए इन्हे मकराना लेकर जा रहें थे और कबूतर उड़ ना सकें इसके लिए उनके पंख काटे हुए थे।

# वॉक थॉम रैली आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, मरुधरा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एक कदम शिक्षा की ओर वॉक थॉम 2026 सुधर्मा सभा जैन विश्व भारती से शुरू होकर चौथी पट्टी होते हुए महाश्रमण विहार, प्रज्ञा निलियम होकर स्पोषणम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रात: आचार्य श्री महाश्रमण द्वारा मंगलपाठ सुनकर रैली का आरंभ हुआ। पर्यवेक्षक मुनि रजनीश कुमार द्वारा प्रेरणा पाथेय प्रदान किया गया। इस वॉकाथॉन में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शिक्षा के इस महाअभियान को सशक्त समर्थन प्रदान किया। सुमित मोदी ने बताया कि आयोजन केवल एक वॉक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, समाजसेवा एवं प्रोफेशनल एकता का सुंदर संगम रहा। कार्यक्रम में आचार्य श्री महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बेद, उपाध्यक्ष उम्मेद बोकाडिया, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष सुमित मोदी, अणुव्रत समिति अध्यक्ष शांतिलाल बेद, मंत्री राज कोचर, महिला मंडल सहमंत्री रेणु कोचर, मंजू घोड़ावत, डॉ. पूनम घोड़ावत, रणजीत बेद, आलोक कोठारी, लिपि जैन सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24वां कथक नृत्य महोत्सव आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के बड़ाबर गांव के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक गुरु स्व पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24वां कथक नृत्य महोत्सव 16 फरवरी सोमवार को कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ौदरा के तत्वावधान में बड़ौदा के कीर्ति मंदिर सभागार में शाम को आयोजित होगा। द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कथक नृत्य विधा के प्रख्यात कलाकार पंडित जगदीश गंगानी, पंडित दुर्गेश गंगानी, डॉ. समीरा कौशर, डॉ. प्रीति साठे दामले, रक्षिता जैन, जयश्री, हर्षिता, कशिश, मैमूना, वृषाली, वाणी सहित अनेक कलाकार कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे। इस सांगीतिक अनुष्ठान में वर्ष 2026 का पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान कथक गुरु डॉ. शोभा कौशर व भरत नाट्यम विधा के प्रतिक्षित कलाकार विजय आनंद शिवरामन को दिया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी चांसलर राजमाता शुभांगिनी राजे गायकवाड़ व बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति नाम तबलावादक सुखविंदर सिंह सहित अजय रांका, निशीथ मेहता होंगे।



# पुलवामा में हुए शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों की पावन स्मृति में शनिवार देर सायं घंटाघर पर श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम सनातन सेवा न्यास द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों व युवाओं ने भाग लेकर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर नमन किया। इस अवसर पर जनशक्ति संगठन के पदाधिकारी सहित अन्य सामाजिक व स्थाई संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौ सेवक विजय कुमार ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य है और उनकी शहादत से प्रेरणा लेकर देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में गौ सेवक गुटराज ललित शर्मा, न्यास प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति, दिनेश लाहोटी, शंभू दयाल लाटा, उमाशंकर शर्मा, गोविंद खठोड़, सुमित बजरंगी, भरत शर्मा, सुधीर शर्मा, जयपाल, सनातनी रोहित, नितेश, सलीम खान, बलबीर स्वामी, नरेंद्र सिंह, विकास, ओमप्रकाश नायक, अमित कुमार दुबे, नितिन सहित अन्य उपस्थित थे।

# लेंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर का विमोचन




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा आगामी 22 फरवरी को स्व. प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी कमला देवी सिंघी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में करवाए जाएंगे। शर्मा ने बताया कि रविवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में शिविर के पोस्टर पैंपलेट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर भामाशाह कमला सिंघी, विनय भूतोड़िया, राजेंद्र कनोई, दानमल शर्मा, गोपाल चोटिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, योगेंद्र, वीणा भोजक, यशस्विनी भोजक, तैयब अली आदि उपस्थित रहे।

# शिवालयों में गूंजे बम-बम भोले की जयकारें



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर चमत्कार आशीर्वाद बालाजी मंदिर, तारानगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। प्रात:काल से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगी रहीं और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुजारी सुशील स्वामी,जितू सिंह, मोनू जांगिड़, लखवीर जी कमल शिवराज युवराज अनिश तथा भजन मंडली में पुष्पा देवी शकुंतला देवी जमना देवी परमेश्वरी देवी नीतू पूनिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सात स्थानों की दबिश में पन्द्रह तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में नशे के खिलाफएंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफ ने एक साथ सात स्थानों पर कार्रवाई कर पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ और हथियार जब्त किए गए हैं। सभी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एएनटीएफके आईजी विकास कुमार ने बताया कि बाड़मेर, पाली, बालोतरा, जालोर, राजसमंद और श्रीगंगानगर में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। पाली : सांभरिया दिवेर नाल घाटी में नाकाबंदी के दौरान तस्करों ने फायरिंग कीए जवाबी कार्रवाई में 506 किलो डोडा चूरा, पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 12 बोर गन, 13 कारतूस और स्कॉर्पियो जब्त की गई। जोधपुर निवासी दिनेश गिरफ्तारए, एक घायल तस्कर उपचाराधीन है। जालोर/धोरीमन्ना : 25 हजार के इनामी तस्कर कमलेश को गिरफ्तार किया गया। वह घर में एमडी की फैक्ट्री संचालित करता था। बाड़मेर रीको एरिया, बाबूलाल को 1.286 किलो अफीम का दूध व 334 ग्राम अफीम सहित पकड़ा गया। श्रीगंगानगर : हर्ष सोनी को 102.12 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। अन्य कार्रवाई में राणोबाईए सोनीराम व राजकुमार से 96 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। वहीं गुरप्रीत सहित चार तस्करों से 115 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। सायला जालोर: भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर 4.211 किलो अफीम का दूध व दो कार जब्त कर पवन, चेतन, अभिषेक व राजूराम को पकड़ा गया। आईजी ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए एएनटीएफ की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# जिले के 631 विद्यालयों में हुए मरम्मत कार्य

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में विद्यालय भवनों की मरम्मत की अति-आवश्यकता को देखते हुए एसडीआरएफ आपदा एवं राहत कोष योजना अंतर्गत 631 विद्यालयों में मरम्मत कार्य करवाए गए हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से अब नौनिहाल सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण में अध्ययन कर पा रहे हैं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में समग्र शिक्षा के ब्लॉकों के प्रस्ताव के आधार पर मरम्मत की अति आवश्यकता को देखते हुए एसडीआरएफ आपदा एवं राहत कोष योजना में चूरू ब्लॉक में 288 लाख रुपए स्वीकृत राशि से 144 विद्यालय, तारानगर में 267.20 लाख रुपए स्वीकृत राशि से 144 विद्यालय, रतनगढ़ में 356 लाख रुपए स्वीकृत राशि से 178 विद्यालय एवं सुजानगढ़ में 330 लाख रुपए स्वीकृत राशि से 165 विद्यालयों की प्राप्त स्वीकृतियों के आधार पर मरम्मत कार्य करवाए गए हैं। स्वीकृति के अनुसार विद्यालयों में अतिवृष्टि के कारण मरम्मत कार्य, छत पर टाईल, छत के नालों की मरम्मत, छत की पट्टियों की झिर्री एवं छत पर पानी निकासी की सही व्यवस्था को प्राथमिकता से करवाया गया है। इसी के साथ ही समग्र शिक्षा के अन्तर्गत 31 विद्यालयों में राज्य योजना मद के अन्तर्गत प्राप्त मरम्मत स्वीकृतियों में से 26 विद्यालयों में कार्य शुरू हो चुका है तथा शेष 05 विद्यालयों की निविदा प्रक्रियाधीन है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में समग्र शिक्षा के प्रशासनिक एवं तकनीकी अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग से कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की मानक अनुरूपता तथा समयबद्ध प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# भूतनाथ मंदिर में चोरी, सीसीटीवी में नजर आया संदिग्ध युवक

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित भूतनाथ मंदिर में शिवरात्रि की रात को चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। रात्रि करीब 1 बजकर 23 बजे एक चोर सीसीटीवी में नजर आ रहा है। अंतिम विश्राम समिति के मंत्री शिव भगवान चौहान ने बताया कि चोर ने मंदिर का ताला तोड़ा, अलमारी तोड़ और एक सीसीटीवी भी तोड़ कर ले गया। फिलहाल मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई और पुलिस मामले की जांच कर रही है। मंदिर पुजारी बाबूलाल ने बताया कि शनिवार की शाम को रोज की तरह मंदिर पर ताले लगाकर घर गए थे सुबह आया, तो ताला टूटा हुआ मिला।



जिस पर चोरी का पता चला और समिति के लोगों को मैने सूचना दी। वहीं भाजपा कमल दाधीच, भीकमचंद पारीक, दीनदयाल पारीक आदि भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं सीसीटीवी में नजर आ रहा व्यक्ति युवक है।

# विदाई समारोह आयोजित

तारानगर (नवयत्न)। बालिया गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 8 के विद्यार्थियों हेतु विदाई समारोह और सभी बच्चों हेतु कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अविनाश गोदारा ने बताया कि विदाई समारोह में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। प्रधानाध्यापक चन्दनमल सांगवान ने पूर्ण मनोयोग से सभी विषयों का अध्ययन करने की प्रेरणा दी। शिक्षक नरेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को पेपर हल करने के पैटर्न के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके



पश्चात मध्यांतर में बच्चों को जलेबी और गुलाबजामुन परोसे गए। इस अवसर पर सावित्री नैण, सुमन, वन्दना आदि उपस्थित थे।

# शिव गायत्री महायज्ञ आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि पर रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह नौ से दोपहर बारह बजे तक मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में नि:शुल्क पंच कुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। नि:शुल्क यज्ञ में सभी श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के विशिष्ट मंत्रों से आहुतियां अर्पित की गई । इससे पूर्व आदिदेव महादेव का अभिषेक कर पूजन किया गया। । यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ के विद्वानों की टोली संपन्न कराया। आचार्य पीठ से शिव परिवार के जीवन दर्शन से शिक्षा पर विशेष उद्बोधन हुआ । इस दौरान फाल्गुनी माहौल में वैष्णव और शैव परंपरा का दृश्य देखने को मिली । एक ओर जहां ठाकुर श्रीजी का विधिवत पूजन। राधा-राधा का जयघोष सुनाई दियाए दूसरी ओर यहां सजाई जा रही रचना झांकी में रंग.बिरंगी गुलाल से आदिदेव महादेव और जगत जननी मां पार्वती की रचना झांकी सजाई गई। इसी बीच शिव गायत्री महामंत्र के स्वर सुनाई दिए।

# 23 को सजेगी श्रीश्याम निशान पदयात्रा

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** श्रीश्याम युवा मित्र मण्डल के तत्वावधान में इस वर्ष 17वीं निशान पदयात्रा और फाल्गुन महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकित सैनी और मंदिर पुजारी अभिषेक सैनी ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का आगाज 21 फरवरी को होगा। इस दिन प्रात: 10:15 बजे विधि-विधान के साथ निशान पूजन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में 21 फरवरी की रात्रि 8:15 बजे से एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुजीत बैदी नारनौल, सुनील बैदी, कुशल सिंह खेतड़ी, गणेश शर्मा चिड़ावा, योगेश शर्मा सूरजगढ़ और विनोद लक्खा चिड़ावा आदि भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 23 फरवरी को निकलने वाली निशान पदयात्रा होगी, जो चिड़ावा के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी। पदयात्रा का मुख्य केंद्र अड़ूकिया स्कूल के सामने वाली गली रहेगा। भक्त महेन्द्र सैनी के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अलौकिक श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# बैठक 21 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी से संशोधित कर 21 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन से संबंधित आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के लिए 21 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी।



# भगवान शिव की सजी झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन मास में गोविंद देव जी मंदिर धाम में होली महोत्सव के तहत रचना झांकी में आज कैलाश पर्वत पर भगवान शिव की अलौकिक झांकी के साथ साथ वैष्णव-शैव परंपरा की जुगलबंदी देखने को मिली । महाशिवरात्रि पर रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में फाल्गुनी माहौल में वैष्णव और शैव परंपरा का मिलन देखने को मिली। एक ओर जहां ठाकुर श्रीजी का विधिवत पूजन राधा-राधा का जयघोष सुनाई दिया । दूसरी ओर यहां सजाई जा रही रचना झांकी में रंग-बिरंगी गुलाल से आदि देव महादेव की रचना झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही ।

# 25 फीट ऊंचाई से गिरने पर मजदूर की मौत

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में 25 फीट ऊंचाई पर रंग-पेंट करते समय सतुंलन बिगज्ने पर मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। इस दौरान अन्य मजदूरों ने एम्बुलेंस की सहायता से उसे घायल अवस्था सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान मजदूर ने दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफलापरवाही का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी मुकेश कुमा ने बताया कि शहबाज 33 पुत्र मोहम्मद अहमद रामगड़ मोड़ निवासी नाई की थड़ी स्थित एक स्कूल पर कलर-पेंट का काम कर रहा था। 12 फरवरी की दोपहर वह दूसरी मंजिल से ऊपर सी?ियों की दीवार पर कलर-पेंट कर रहा था। दोपहर करीब 2 बजे सी?ियों की स्टेप टूटने से फिसलकर वह 25 फीट नीचे जमीन पर आकर गिरा। गंभीर हालत में उसे एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। शनिवार रात करीब 7 बजे उपचार दौरान शहबाज ने दम तो? दिया। मृतक के पिता मोहम्मद अहमद ने ठेकेदार और मालिक के खिलाफलापरवाही के चलते मौत होने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

# डायबिटीज मरीजों के लिए एक नहीं कई तरीकों से फायदेमंद है आंवला

आंवला का सेवन लगभग हर घर में किया जाता है। लोग अचार से लेकर चटनी तक कई तरीकों से खाते हैं। वैसे विटामिन सी रिच आंवला खाने में ही टेस्टी नहीं होता है, बल्कि इसके हेल्थ बेनिफिट्स भी कम नहीं है। इसके गुणों के कारण ही आयुर्वेद में आंवला का उल्लेख किया गया है। आंवला का सेवन करने से पाचन समस्याओं से लेकर बालों के झड़ने, अस्थमा आदि कई परेशानियों में राहत मिलती है। हालांकि, बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि अगर आप आंवला का सेवन करते हैं तो इससे ब्लड शुगर लेवल को रेग्युलेट करने में मदद मिलती है। यही कारण है कि डायबिटीज पेशेंट के लिए आंवला का सेवन बेहद ही फायदेमंद माना गया है।








## एंटीऑक्सीडेंट गुण

आंवला में विटामिन सी और पॉलीफेनोल्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट (एंटीऑक्सीडेंट रिच फूड) प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं। इसलिए, जब आप आंवला को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो यह शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद कर सकता है। यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस इन्फ्लेमेशन और डायबिटीज से जुड़े कॉम्पलिकेशन को बढ़ा सकता है।

## ब्लड शुगर को करे कण्ट्रोल

डायबिटीज पेशेंट के लिए आंवला इसलिए भी अच्छा है, क्योंकि यह ब्लड शुगर लेवल को कण्ट्रोल करने में अहम् भूमिका निभा सकता है। दरअसल, कुछ स्टडीज में यह पता चला है कि आंवले में हाइपोग्लाइसेमिक प्रभाव हो सकता है। हाइपोग्लाइसेमिक प्रभाव का अर्थ है कि यह ब्लड शुगर को लो करता है। इस तरह आंवला का सेवन करने से आपको ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने और इंसुलिन सेंसेटिविटी को इंप्रूव करने में मदद मिल सकती है।

## इंप्रूव होता है पैनक्रियाज फंक्शन

आपको शायद पता ना हो, लेकिन आंवला पैनक्रियाज के फंक्शन को भी इंप्रूव करता है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि आंवला पैनक्रियाज पर एक प्रोटेक्टिव इफेक्ट डाल सकता है। पैनक्रियाज वास्तव में इंसुलिन उत्पादन के लिए जिम्मेदार अंग है। इसलिए, डायबिटीज पेशेंट को आंवला खाने से लाभ मिलता है और यह ब्लड शुगर को कण्ट्रोल करने में मदद कर सकता है।

## ट्राइग्लिसराइड लेवल को करे कम

आंवले में विटामिन-सी और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह एचडीएल यानी अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता



है और एलडीएल मतलब खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। चूंकि आंवला के सेवल से एचडीएल बढ़ता है, जिससे ब्लड स्ट्रीम में ट्राइग्लिसराइड का लेवल कम हो जाता है। ट्राइग्लिसराइड का लेवल अधिक होने से इंसुलिन रेसिस्टेंस और मोटापा हो सकता है, जिससे हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है।

## मेटाबॉलिज्म को करे इंप्रूव

आंवला में कुछ ऐसे गुण पाए जाते हैं कि इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। यह उसे इंप्रूव करने में मददगार हो सकता है। जिसके कारण ग्लूकोज शरीर में प्रभावी तरीके से उपयोग में मदद मिलती है। इस तरह अतिरिक्त शुगर ब्लड स्ट्रीम में जमा नहीं होती है, जिससे डायबिटीज पेशेंट को फायदा मिलता है।

# बदलते मौसम में मॉर्निंग वॉक करते समय ध्यान रखें ये टिप्स, नहीं पड़ेंगे बीमार

फरवरी के महीने आते-आते ठंड कुछ कम हो जाती है। लेकिन इस मौसम में की जाने वाली जरा सी लापरवाही से सर्दी-जुकाम होने के साथ फ्लू की समस्या को बढ़ा सकती है। अक्सर लोग मौसम में अचानक हुए बदलाव के कारण गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, जिस कारण ठंड आसानी से लग सकती है। इस मौसम में ठंडी हवाएं काफी चलती है, जिस कारण सर्दी,जुकाम और खांसी की समस्या भी बढ़ जाती हैं। अक्सर लोगों को ज्यादा सर्दी पड़ने पर सुबह मॉर्निंग वॉक न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि सर्दी में पड़ने वाला कोहरा शरीर के लिए हानिकारक होने के साथ इसमें वॉक करने से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ता है। मौसम बदलने के साथ बहुत से लोग मॉर्निंग वॉक शुरू कर देते हैं, लेकिन जल्दी बीमार पड़ जाते हैं।

## सुबह बहुत जल्दी वॉक करने न जाएं


बदलते मौसम में वॉक करने के लिए सबसे मुफीद समय 7 बजे के आसपास का है। इस समय तक उजाला ठीक से हो जाता है और ज्यादा ठंडी हवाएं भी नहीं चलती हैं। सूरज की रोशनी आने से ठंड लगने से बचाव होता है और आपको फ्रेश एयर भी मिलती है।

## गर्म कपड़े पहन कर जाएं

बदलते मौसम में अक्सर लोग वॉक पर जाते समय गर्म कपड़े कम पहनते हैं, जिस कारण सर्दी, जुकाम जल्दी ही आपको चपेट में ले लेता है। इस समस्या से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहन कर अवश्य जाएं। ऐसा करने से शरीर को गर्मी भी मिलेगी।

## गुनगुना पानी पिएं

मॉर्निंग वॉक पर जाते समय शरीर को स्वस्थ रखने के लिए वॉक पर आने के बाद हल्के गुनगुने पानी को



पिएं। ऐसा करने से मौसमी बीमारियों से बचाव होगा और बैली फैट भी कम होता है। वॉक से आने के बाद ठंडा पानी पीने से शरीर को नुकसान हो सकता है।

## बुजुर्ग मॉर्निंग वॉक पर जाने से बचें

बदलते मौसम में बीमारियों से बचने के लिए बुजुर्गों को मॉर्निंग वॉक पर 8 बजे के बाद ही जाना चाहिए। 8 बजे तक मौसम साफ होने के साथ हल्की धूप भी आ जाती है। सुबह जल्दी जाने से ठंडी हवाओं के कारण बुजुर्ग बीमार हो सकते हैं।

## 20 मिनट तक वॉक करें


सर्दी में लोग वॉक पर कम जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी बहुत समय बाद वॉक पर जा रहे हैं, तो शुरुआत में 20 मिनट तक वॉक करें। उसके बाद धीरे-धीरे समय



को बढ़ाएं। वॉक करते समय कॉटन के जुराब और कंफर्टेबल वॉकिंग शूज पहनें।

# वर्टिगो में हो सकती है ये समस्याएं, इसके बचाव का तरीका

अगर, आपको बार-बार चक्कर आते हैं या आसपास की चीजे घूमती हुई महसूस होती है, तो यह वर्टिगो का संकेत हो सकता है। इस रोग में व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसके कारण अलग-अलग हो सकते हैं। रोग के कारणों के आधार पर व्यक्ति को अलग-अलग लक्षण महसूस हो सकते हैं। अगर, व्यक्ति को सही इलाज न मिले तो ऐसे में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। वर्टिगो की समस्या में व्यक्ति किसी भी जगह पर चक्कर खाकर गिर जाता है। ऐसे मे उसको चोट लग सकती है। साथ ही, अन्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।



## गिरने जोखिम बढ़ना

वर्टिगो में व्यक्ति को किसी भी जगह चक्कर आ सकते हैं। इस दौरान वह खुद को स्थिर नहीं रख पाते हैं। ऐसे में बाहर गिरने का खतरा सबसे अधिक होता है। इसकी वजह से उनको सिर व शरीर अन्य नाजुक अंगों पर चोट आ सकती है।

## एंग्जायटी और स्ट्रेस

वर्टिगो में व्यक्ति को एंग्जायटी और स्ट्रेस हो सकता है। बार-बार वर्टिगो होने पर व्यक्ति बाहर जाने से डरने लगता है। ऐसे में वह स्ट्रेस महसूस कर सकते हैं। इसकी वजह से व्यक्ति भावनात्मक रुप से कमजोर हो सकती है।

## वेस्टिबुलर माइग्रेन

वर्टिगो अक्सर वेस्टिबुलर माइग्रेन के साथ होता है। यह एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो वर्टिगो, सिरदर्द और वेस्टिबुलर लक्षणों के साथ होता है। इसकी समय पर पहचान कर इसमें महसूस होने वाले लक्षणों को कम किया जा सकता है।

## जीवनशैली प्रभावित होना

वर्टिगो की वजह से व्यक्ति के जीवनशैली प्रभावित होने लगती है। वर्टिगों में बार-बार चक्कर आने से व्यक्ति के आत्मविश्वास में कमी आने लगती है। साथ ही, वह लोगों से मिलने में भी कतराने लगते हैं।

## नींद संबंधी समस्याएं

वर्टिगो की वजह से व्यक्ति को नींद संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इस दौरान व्यक्ति के स्लीप पैर्टन पर असर पड़ता है। व्यक्ति को देर रात तक नींद नहीं आती है। कई बार तो वह डर की वजह से सो नहीं पाते हैं। इसकी वजह से उनको दिनभर थकान व कमजोरी बनी रह सकती है।

# परीक्षा से पहले बच्चे जरूर लें पूरी नींद, एग्जाम के दिनों में कितने घंटे सोना होता है जरूरी?

बच्चों के फाइनल एग्जाम चल रहे हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा का प्रेशर रहता है, जिससे कई बार ठीक से नींद नहीं आती है। परीक्षा से पहले भरपूर नींद लेना बेहद जरूरी होता है। इससे स्ट्रेस और बच्चों पर पढ़ाई का प्रेशर कम होता है। कई बार बच्चे परीक्षा से पहले एकसाथ ही कई घंटे घंटे बैठकर पढ़ते हैं, जिससे नींद प्रभावित हो जाती है और वे बीमार भी पड़ सकते हैं। चलिए जानते हैं परीक्षा से पहले बच्चों को भरपूर नींद लेना क्यों जरूरी होता है?

## मेमोरी पर पड़ता है असर

परीक्षा से पहले ज्यादा या एकसाथ पढ़ने से बच्चों के दिमाग पर एकदम से प्रेशर पड़ता है। इससे उनके दिमाग में कई चीजें चलती रहती हैं, जिस कारण कई बार वे अपने पाठ्यक्रम को



रीकॉल करने या फिर याद रखने में असमर्थ रहते हैं। भरपूर नींद नहीं लेने से उनकी शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन्स बढ़ते हैं, जिससे मेमोरी पर असर पड़ता है।

## डायबिटीज का खतरा

अगर बच्चे पढ़ाई के चलते लंबे समय से इस आदत को फॉलो कर रहे हैं तो ऐसे में शरीर में ब्लड शुगर लेवल और इंसुलिन बढ़ सकता है, जिससे कम उम्र में ही डायबिटीज होने का जोखिम बना रहता है।

## पड़ सकते हैं बीमार

बच्चों की नींद पूरी नहीं होने से न केवल उनके दिमाग बल्कि, फीजिकल हेल्थ पर भी असर पड़ता है। इससे उनकी शरीर में इंफेक्शन होने के साथ ही इम्यूनिटी भी कमजोर हो सकती है, जिस कारण परीक्षा से पहले ही वे बीमार भी पड़ सकते हैं।

## बढ़ सकता है वजन

नींद की कमी बच्चों के वजन को भी बढ़ा सकती है। दरअसल, इस स्थिति में बच्चों के घेरलीन यानि हंगर हार्मोन्स बढ़ने लगते हैं, जिस कारण उन्हें अधिक भूख लगती है और वे ओवरईटिंग करते हैं। इस कारण बच्चों में वजन बढ़ सकता है।

## दिमाग पर रहता है प्रेशर

अगर आप ठीक से नहीं सोते हैं तो ऐसी स्थिति में दिमाग पर असर पड़ सकता है। इस कारण आपको कंफ्यूजन बनी रहती है, जिससे कई बार भ्रमित होकर परीक्षा में गलत उत्तर भी लिख सकते हैं।

# कीटो डाइट पर भी खाए जा सकते हैं ये फल

पिछले कुछ सालों में कीटो डाइट बहुत अधिक पॉपुलर होती जा रही है। खासतौर से, वेट लॉस करने और इंसुलिन सेंसेटिविटी को इंप्रूव करने के लिए इसे एक अच्छी डाइट माना जाता है। यह एक ऐसी डाइट है, जिसमें फैट्स सबसे ज्यादा लिए जाते हैं। इस डाइट में शरीर कीटोसिस में चला जाता है। इसमें प्रोटीन करीबन 20 प्रतिशत होता है और कार्ब्स को केवल 5-10 प्रतिशत ही लिया जाता है। इसलिए, इस डाइट पर रहते हुए आपको अपने फूड इंग्रीडिएंट्स पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए। अधिकतर लोग इस डाइट में फलों को अवॉयड करते हैं। उन्हें लगता है कि फलों में कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है, इसलिए यदि वे इन्हें खाते हैं तो ऐसे में वे कीटोसिस से बाहर निकल जाएंगे।

**एवोकाडो :** कीटो डाइट में आप एवोकाडो ले सकते हैं। दरअसल, इसमें कार्ब्स



बहुत कम और हेल्दी फैट अधिक होते हैं। इसलिए, जब आप कीटो डाइट में एवोकाडो का सेवन करते हैं तो आप कीटोसिस में ही रहते हैं। इसमें प्रति 100 ग्राम में लगभग 2 ग्राम कार्ब्स होते हैं।

**बेरीज :** जब आप कीटो डाइट पर हैं तो आप अलग-अलग बेरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, रास्पबेरी व ब्लैकबेरी को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। अन्य फलों की तुलना में बेरीज में कार्ब्स अपेक्षाकृत काफी कम होते हैं। मसलन, अगर आप स्ट्रॉबेरी खाते हैं तो प्रति 100 ग्राम में लगभग 6 ग्राम कार्ब्स मिलते हैं। इसी तरह, प्रति 100 ग्राम में रसभरी में लगभग 5 ग्राम और ब्लैकबेरी में लगभग 4 ग्राम कार्ब्स होते हैं।

**तरबूज :** तरबूज का सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है, जो बॉडी के हाइड्रेशन लेवल को बनाए रखते हैं। इतना ही नहीं, आप कीटो डाइट में भी इस टेस्टी फल को खा सकते हैं। इसमें प्रति 100 ग्राम में लगभग 7 ग्राम शुद्ध कार्ब्स होते हैं। हालांकि, इसमें नेचुरल शुगर कंटेंट काफी अधिक होता है, इसलिए इसका सीमित मात्रा में ही सेवन करें।

# कैफीन फ्री होती है यह कॉफी सेहत को भी देती है कई लाभ

ठंड के मौसम में हम सभी की कॉफी की फ्रीक्वेंसी काफी बढ़ जाती हैं। इस मौसम में हम कुछ गरमा-गरम पीना चाहते हैं और इसलिए कॉफी का सेवन बार-बार करते हैं। हालांकि, कॉफी में मौजूद कैफीन का अधिक सेवन सेहत के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं माना जाता है। यह आपकी बॉडी को डिहाइड्रेटेड भी कर सकता है। नींद को डिस्टर्ब कर सकता है, इसलिए आप कैफीन फ्री कॉफी के विकल्प को चुनें। अगर आप भी कैफीन फ्री कॉफी को पीना चाहते हैं तो ऐसे में खजूर के बीज वाली कॉफ़ी का सेवन करना यकीनन एक अच्छा विचार है। इसे खजूर के फल के बीज या गुठली को सुखाकर, भूनकर और पीसकर तैयार किया जाता है।



## होती है कैफीन फ्री

खजूर के बीज की कॉफी का एक लाभ यह है कि यह पूरी तरह से कैफीन फ्री है। आमतौर पर, यह माना जाता है कि कैफीन आपको रिफ्रेशिंग फील करवाता है। लेकिन अगर अधिक कैफीन (सेहत के लिए कैफीन) का सेवन किया जाए तो इससे आपको अनिद्रा, घबराहट और हार्ट रेट का बढ़ जाना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कुछ लोगों को अधिक कैफीन से एंग्जाइटी व डाइजेशन प्रोब्लम्स भी हो सकती है। यह आपकी बॉडी को डिहाइड्रेटेड कर सकता है। ऐसे में जब आप खजूर के बीज वाली कॉफी का सेवन करते हैं तो आपको इसके कैफीन फ्री होने के कारण आपको वह साइड इफेक्ट्स नहीं होते हैं।

## होते हैं एंटीऑक्सीडेंट गुण

खजूर के बीजों में फेनोलिक एसिड जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं। खजूर के बीज की एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज शरीर में फ्री रेडिकल्स को बेअसर करने में मदद करते हैं। इससे ना केवल आपकी ओवर ऑल हेल्थ सुधरती है, बल्कि इससे क्रॉनिक डिसीज का रिस्क भी काफी कम हो जाता है।

## हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

खजूर के बीज की कॉफी आपके हार्ट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकती है। एक स्टडी में यह पाया गया है कि खजूर के बीज के एक्सट्रैक्ट हार्ट पर पॉजिटिव असर डालते हैं। यह ब्लड प्रेशर को कम करने से लेकर लिपिड प्रोफाइल में सुधार करने में मदद करते हैं।

## अपहरण व लूट के मामले में पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने अपहरण और लूट के मामले में कार्रवाई करते हुए पिछले चार महीनों से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी विजय मीणा को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को मुकेश कुमार वासवानी ने ब्रह्मपुरी थाने में मामला दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसे बिजनेस प्लान का झांसा देकर अगवा किया और उसके साथ मारपीट कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी । जिसके चलते अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक और एसीपी आमेर सुरेंद्र सिंह राणावत के निर्देशन में थानाधिकारी हेमंत जनागल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था । टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपी विजय मीणा 20 निवासी सवाई माधोपुर को जयपुर से बापर्दा गिरफ्तार किया । इस मामले में पुलिस रामकल्याण गुर्जर, रविंद्र नाथ उर्फरवि और प्रवेश सिंह गुर्जर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है । विजय मीणा वारदात के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस ने पांच हजार का इनाम घोषित किया था । पुलिस अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर शिनाख्त परेड की कार्यवाही के लिए केंद्रीय कारागार भेजेगी ।

## अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन आग के तहत कालवाड़ थाना पुलिस और जिला विशेष टीम डीएसटी पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन आग के तहत कालवाड़ थाना पुलिस और डीएसटी पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रामला का बास से मंडा भोपावास रोड पर एक खान के पास दबिश देकर बाबूलाल ताखर 27 निवासी जोबनेर जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह यह हथियार कहां से लाया था और इसका उपयोग किस वारदात में किया जाना था।

**पुलिस टीम की विशेष भूमिका**–थानाधिकारी सुरेश सिंह और डीएसटी प्रभारी गणेश सैनी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कांस्टेबल राकेश की आरोपित गिरफ्तार करने में अहम भूमिका रही। वहीं पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चंद्रभान सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल मुकुट बिहारी, सुरेश मिठारवाल, सांवरमल जाखड़, सुरेश कुमार और भंवर लाल शामिल थे।

## ज्वैलर्स पर हमला कर 27 लाख के गहनों से भरा बैग छीना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रताप नगर थाना इलाके में शनिवार को अज्ञात कार सवार बदमाशों ने ज्वैलर्स की कार के आगे खुद की कार लगाई और उस पर जानलेवा हमला कर 27 लाख रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। लूट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी भी कराई। लेकिन पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने बयानों के आधार पर कार सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। एसीपी सांगानेर हरिशंकर शर्मा ने बताया की रामनिवास सोनी श्योपुर निवासी वाटिका में गणपति ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी का काम करते है। आरोप है कि शनिवार देर रात वह शॉप बंद कर कार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान प्रताप नगर में आरयूएचएस के पास अजय मार्ग पर कार सवार बदमाशों ने उनकी कार के आगे अपनी कार लगाकर उन्हें रोक लिया। कार से उतरे बदमाशों ने डंडे से हमला किया। ज्वेलर की कार के शीशे तोड़ने के साथ ही मारपीट की गई। हमला कर बदमाश कार में रखा ज्वेलरी से भरा बैग लेकर भाग निकले। बैग में 50 ग्राम सोना और 7 किलो चांदी रखी थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश में आसपास के इलाके में नाकाबंदी कराई। लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश जारी है। पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को डिटेन किया। जिससे पूछताछ की जा रहीं है।

## तांबा चोरी करने वाला शातिर नकबजन व खरीदार गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी की सोडाला थाना पुलिस ने 22 गोदाम स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया 22 किलो तांबा भी बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी कालू उर्फजीतू 23 सवाई माधोपुर का निवासी है और वर्तमान में ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक व अन्य नशा करने का आदी है और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए ही वारदातों को अंजाम देता है। वहीं, चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी विशाल 29 मूलतः दिल्ली का रहने वाला है और यहां करतारपुरा रोड पर कबाड़ की दुकान चलाता है। थानाधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को परिवादी हरिप्रसाद शर्मा ने मामला दर्ज करवाया था कि 30 जनवरी की रात को चोरों ने उसकी दुकान शर्मा इलेक्ट्रिकल्स का शटर उठाकर करीब 2 लाख रुपये के कॉपर वायर और बंडल चोरी कर लिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की सूचना पर आरोपियों को दबोचा। पुलिस जांच में सामने आया कि कालू और उसके साथी रात करीब 2 से 3 बजे के बीच मुंह पर कपड़ा बांधकर दुकान में घुसते थे। टॉर्च की रोशनी में कीमती तांबे के तारों के बंडल कट्टे में भरकर मोटरसाइकिल से ले जाते थे। सुबह होते ही वे माल कबाड़ी को बेचकर पैसे आपस में बांट लेते थे। वहीं जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने करीब 3.4 महीने पहले भी इसी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, जबकि मामले में वांछित अन्य आरोपियों–केदार और सन्नी हरिजन की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में एचसी रामनारायण, कांस्टेबल गणेश राम और जयपाल ने अहम भूमिका निभाई।

# प्रदेश सरकार का बजट ऐतिहासिक : राठौड़

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू स्थित आवास पर रविवार को हॉल ही में राज्य सरकार की और से जारी किए गए वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट पर प्रतिक्रिया दी गई। राठौड़ ने बजट को ऐतिहासिक बजट बताते हुऐ कहा कि प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार प्रदेश को बजट दिया है वो ऐतिहासिक है एवं प्रदेश को विकसित प्रदेश के रास्ते पर ले जाने वाला बजट है, राठौड़ ने कहा कि पिछली सरकार की तुलना में




इस बजट का आकार लगभग 42 प्रतिशत बढ़ गया है, इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलमेंट के लिए पूंजिगत व्यय के लिए 53978 करोड़ का प्रावधान किया है जो 2023-24 से दुगुना है, चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य के लिए इस बजट में 53 प्रतिशत अधिक राशि दी गई है, इस बजट को उन्होने किसानो के लिए महत्वपूर्ण बताते हुऐ कहा कि इस बजट मे 119408 करोढ़ का कृषि के लिए प्रावधान किया गया है जो पिछले साल से लगभग 8 प्रतिशत ज्यादा है, राठौड़ ने शेखावाटी क्षेत्र तक हथिनी कुंड से यमुना का पानी लाने वाली परियोजना का काम जल्द शुरू होने का आश्वासन दिया। वही हर घर नल योजना में 4500 करोड़ खर्च कर 6500 नये गावो को जोड़ने को ऐतिहासिक कदम बताया। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के इस बजट से यह सिद्व हो जाता है कि डबल इंजन की सरकार देश व प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है। सहारण ने कहा बजट में चूरू में एलिवेटेड रोड़ का निर्माण कराने के लिए 130 की घोषणा, झींगा मछली पालको को सस्ती दर बिजली उपलब्ध करवाना, यमुना जल को शेखावाटी तक लाना, चूरू कारागृह में आधुनिक मुलाकात कक्षो का निर्माण करवाना। हवेली सरक्षण एवं बाढ़ सुरक्षा के लिए कार्य करना महत्वपूर्ण कार्य है सहारण ने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुऐ कहा कि जो नेता कह रहे है कि चूरू को क्या मिला उन सब को इस बजट को ध्यान से पढ़ना चाहिए इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने इस ऐतिहासिक बजट के लिए जिले को मिली विभिन्न विकास योजनाओं के लिए पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विघायक हरलाल सहारण का माला पहनाकर अभिन्नदन किया एवम उनका आभार जताते हुऐ कहा कि सम्पूर्ण जिले को जिस प्रकार इस ऐतिहासिक बजट में महत्व मिला है उसके लिए भाजपा परिवार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्माए वित्त मंत्री दीया कुमारी, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विघायक हरलाल सहारण के प्रति आभार व्यक्त करता है।

## चौरड़िया की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** श्री गंगा गौशाला परिसर में गंगा गौशाला के पूर्व अध्यक्ष एवं गौ सेवा की प्रतिमूर्ति स्वर्गीय दुलीचंद चौरडिया की पावन स्मृति में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गौशाला कार्यकारिणी के सदस्यों अनेको गणमान्यों विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों गौशाला स्टाफ गौशाला की कीर्तन मंडली आदि ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण झंवर ने किया उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि स्वर्गीय दुलीचंद चौरडिया पिछले लगभग 25 वर्षों से निरंतर गौशाला की सेवा में समर्पित रहे। उन्होंने तन, मन और धन से गौशाला के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन और समर्पण के कारण गौशाला ने निरंतर प्रगति की। गौशाला के अध्यक्ष निर्मल कुमार भूरा ने अपने उद्बोधन में बताया कि उनके अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान गौशाला परिसर में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य संपन्न हुए। इनमें राम नाम स्तंभ, सत्संग हॉल, नोखा गाँव कौशल विकास केंद्र का गोदाम, दो चारे के गोदाम, परिसर के पीछे दो आरसीसी शेड, दो ट्रैक्टर-बटन सेट तथा घास के भंडारण हेतु विशेष गोदाम का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक संरचनात्मक विकास कार्य भी किए गए, जिनसे गौशाला की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया गया। सभा में श्रीनिवास झवर ने एक महत्वपूर्ण प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि जब सेठ ईश्वर चंद्र गोल द्वारा गौशाला में ऑफिस ब्लॉक का निर्माण करवाया गयाए तब बीच में स्थित घास के गोदाम को हटाने की आवश्यकता पड़ी। समाजहित में निर्णय लेते हुए उसे तोड़ने की स्वीकृति दी गई, जो उनके जीवन की एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जाती है। बनवारी लाल डेलू ने बताया कि अक्षय गोग्रास योजना ने गौशाला को नई ऊर्जा प्रदान की है। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत 2000 से अधिक गौवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। योजना के माध्यम से कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान भी सुचारू रूप से हो पा रहा है, जिससे व्यवस्थाएं मजबूत हुई हैं। गौशाला को जीव.जंतु कल्याण बोर्ड, चेन्नई द्वारा एंबुलेंस भी प्रदान की गई थी, जिससे बीमार एवं घायल गौवंश को समय पर उपचार मिल सके। यह सुविधा गौसेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है। सभा में नोखा नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष रामकिशन खत्री, राधेश्याम लखोटिया, सतीश कुमार झवर, राधेश्याम मल, वासुदेव तिवारी, रामायण महाराज इंदरचंद मोदी, रमेश कुमार झंवर डॉक्टर घनश्याम स्वामी, शिवकरण डेलू, मधु डागा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वर्गीय दुलीचंद जी के परिवारजन-उनके पुत्र, पुत्री एवं अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित सभी लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि स्वर्गीय दुलीचंद जी को मोक्ष प्रदान करें तथा उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। सभा भावुक वातावरण में संपन्न हुई और सभी ने उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## शिवजयंती का उत्सव मनाया

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में होली धोरा स्थित ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र पर 90 वॉ शिवजयंती का उत्सव का शुभारंभ केंद्र संचालिका बीके बीके सुप्रभा ने परमात्मा शिव और शंकर के महान अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा शिव रचयिता है और परमात्मा की तीन मुख्य रचना है ब्रह्मा विष्णु और महेश शंकर। केंद्र प्रभारी बीके सुप्रभा ने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य को सभी के सामने उजागर किया और कहाँ कि अभी वही रात्रि का समय चल रहा हैं जो शास्त्रो में वर्नन किया गया हैं। निराकार ज्योति बिंदु परमात्मा शिव 90 वर्षों से अपना गुप्त रूप से नई दुनिया की स्थापना का कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर राकेश कुमार गौड़ ने सभी को शिव जयंती की बधाई दी और कहा हमें सदा अपने को आत्मा समझ करके कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर तेजपाल गुर्जर, एडवोकेट टेकचंद कटारिया, कृष्णा कटारिया, बीके दीपिका, विजय लक्ष्मी, मीना कटारिया, सुशीला प्रजापत ने परमपिता परमात्मा का झंडारोहण कर झंडे के नीचे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रतिज्ञा की।

## महाशिवरात्रि पर निकाली भोलेनाथ की बारात



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में महाशिवरात्रि के महापर्व पर महादेव को मनाने के श्रृद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन करने व जलाभिषेक करने अल सुबह ही भीड़ लग गई। अलसुबह से श्रद्धालु मंदिरों में उमड़ रहें है और लगातार हर हर महादेव के जयकारे गूंज रहें है। महिलाएं पूरे पूजन सामग्री के साथ तो युवक व बच्चे गन्ने का रस, दूध जल, नारियल के जल से जलाभिषेक किया व बील पत्र, आक, धतूरा, गाजर, बैर आदि का चढ़ावा भगवान शिव को लगाया। जौशी समाधि स्थल पर स्थिति शिवालय, शिवाजी सेवा संस्थान में स्थित शिव मंदिर, भूतनाथ शिवालय, परमाणा ताल, भुवालका शिवालय, तापड़िया शिवालय, महामंडलेश्वर शिवालय, मठाधीश शिवालय सहित कई मंदिरों में महाशिवरात्रि पर आकर्षक सजावट, भगवान शिव का श्रृंगार सहित भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं भूतनाथ शिवालय से बाबा शिव की बरात विभिन्न झांकियों के साथ तथा डिजे पर शिव भजनों के साथ नाचते युवाओं की टोलियां पंडित भंवरलाल शर्मा के सानिध्य में शहर के प्रमुख बाजारों से निकली। बाजारों में शिव बरात का धर्मश्रृद्लुजनो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, नथमल धर्ड़, कालू, सिंह, सत्यनारायण शर्मा, गोपाल गहलोत, दामोदर शर्मा, भरत कोका व संदीप शर्मा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

## नोखा सीपीई स्टडी चैप्टर का सेमिनार आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफइंडिया आईसीएआई के नोखा सीपीई स्टडी चैप्टर द्वारा प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अंतर्गत कराधान में हालिया बदलाव एवं सीए प्रैक्टिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीए आकाश फोफलिया ने कराधान में हालिया बदलाव, अनुपालन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों तथा व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं सीए उत्तम मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बदलते परिदृश्य, सीए प्रैक्टिस में एआई टूल्स के प्रभावी उपयोग एवं भविष्य की प्रोफेशनल संभावनाओं पर जानकारी साझा की। अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत सीए कैलाश बिश्नोई, सीए पंकज चांडक, सीए संदीप कांकरिया, सीए अनिल जैन, सीए रमेश छाजेड़, सीए मधुसूदन व्यास, प्रकाश कांकरिया, सीए मुकेश चोरड़िया एवं सीए करणी लाल जोशी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सीए धवल कोठारी जोधपुर ने सीए सदस्यों से लिए इंस्टिट्यूट की तरफ से किए जा रहे बदलावों के बारे में बताया और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स बेनेवोलेंट फंड में अधिक सदस्यों की भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सीए महावीर पारीक द्वारा किया गया तथा समन्वय की भूमिका सीए एसपी मोदी ने निभाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट टीसी मरोठी एवं सीए मनमोहन मोदी की विशेष उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में युवा सीए सदस्यों ने सहभागिता कर विषय विशेषज्ञों से संवाद किया और आपसी समन्वय एवं सहयोग का परिचय दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुवा।

## पाबूजी महाराज की फड़ आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव बोबासर में स्थित पाबूजी महाराज के मंदिर पर शनिवार रात्रि को परम्परागत फड़ का आयोजन किया गया। पुजारी हनुमान प्रसाद ने बताया कि पाबूजी महाराज की ज्योत ली गई और उसके बाद परम्परागत फड़ का आयोजन किया गया। जिसमें लोक कलाकार लक्ष्मण भोपा ने पाबूजी महाराज की महिमा का गुणगान किया और भजन सुनाए। वहीं सारी रात तक चले आयोजन में सीताराम प्रजापत, गोविंद प्रजापत, रामनिवास प्रजापत, संजय मंडार, राजू प्रजापत, गोविंद खिलेरी, मेघसिंह, कालू सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सफल बनाने में योगदान दिया।

# नशा मुक्त चूरू अभियान को साकार कर रहा शिवम् नशामुक्ति केन्द्र

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राजस्थान को नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के क्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में चूरू जिले को नशामुक्त बनाने के लिए नशामुक्त चूरू अभियान चलाया जा रहा है। नशामुक्त चूरू अभियान को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार से अनुदानित व जिला मुख्यालय पर एलएन मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित शिवम् नशामुक्ति केन्द्र बेहतरीन प्रयास कर रहा है। केन्द्र में सुव्यवस्थित प्रबंधन, सकारात्मक वातावरण एवं निरंतर निगरानी के चलते अब तक 91 व्यक्तियों को नशे की गिरफ्त से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है।

### प्रदेश सरकार कर रही सहायता

नशा मुक्ति अभियान में प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से नशामुक्ति केन्द्रों को अनुदान दिया जा रहा है। शिवम् नशामुक्ति केन्द्र को प्रदेश सरकार की ओर से आवश्यक इंफ्रा व मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए 3 लाख 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है तथा केन्द्र पर आने वाले मरीजों की देखभाल हेतु प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 120 रुपये की सहायता दी जा रही है।

### बेहतरीन प्रबंधन के साथ विशेषज्ञ सेवाएं

केन्द्र पर चिकित्सा सुविधा, योग व ध्यान, शारीरिक व्यायाम, रहने व भोजन सहित बेहतरीन प्रबंधित सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित काउंसलर्स की सेवाओं के माध्यम से नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों का उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास किया जा रहा है। नशामुक्ति केन्द्र में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुविधा, प्रशिक्षित काउंसलर्स द्वारा व्यक्तिगत एवं समूह परामर्श, सुरक्षित एवं स्वच्छ आवासीय व्यवस्था, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था, योग, ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य सत्र, व्यवहार सुधार एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियां, पुनर्वास एवं फॉलोअप परामर्श सुविधा सहित गुणवत्तापूर्ण भोजन व आवासीय सुविधा पूर्णतया निःशुल्क उपलब्ध है। केन्द्र में महिलाओं व पुरुषों हेतु अलग-अलग शौचालय व आवास सुविधा उपलब्ध है। केन्द्र में उपचार के साथ-साथ मरीजों को मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सहयोग भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ नया जीवन प्रारंभ कर सकें।

### उन्नत चिकित्सा सुविधाएं

ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ महेश शर्मा ने बताया कि केन्द्र में नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों के समुचित उपचार हेतु व्यापक एवं व्यवस्थित चिकित्सा प्रबंधन उपलब्ध है। केन्द्र में आने वाले व्यक्तियों का प्रारंभिक मेडिकल स्क्रीनिंग कर भर्ती के समय सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, शुगर, लीवर फंक्शन आदि की जांच की जाती है। इसके बाद चिकित्सकीय निगरानी में सुरक्षित रूप से शरीर से नशे के दुष्प्रभावों को समाप्त करने की प्रक्रिया की जाती है। इसी के साथ 24 गुणा 7 प्रशिक्षित स्टाफ व चिकित्सकीय निगरानी में निरंतर स्वास्थ्य मॉनीटरिंग की जाती है। मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य को देखते हुए मनोचिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक द्वारा तनाव, अवसाद, चिंता एवं व्यवहार संबंधी समस्याओं का उपचार किया जाता है और किसी भी जटिल स्थिति से निपटने के लिए त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उपचार के बाद पुनः नशे की ओर वापसी रोकने हेतु व्यक्तिगत योजना एवं फॉलोअप भी लिया जाता है।



### उल्लेखनीय उपलब्धियां

सुव्यवस्थित चिकित्सा प्रबंधन, सकारात्मक वातावरण एवं पुनर्वास सेवाओं के माध्यम से केन्द्र अब तक 91 व्यक्तियों को नशे की लत से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ चुका है। ट्रस्ट के सचिव सागर मल शर्मा ने बताया कि उपचार के दौरान मरीजों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एवं सामाजिक पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इन 91 व्यक्तियों में 89 पुरूष तथा 02 महिलाएं शामिल हैं। अधिकांश मरीज शराब, गुटखा व धूम्रपान से ग्रस्त थे। नशामुक्ति केंद्र से लाभान्वित चूरू के वार्ड नंबर 47 निवासी 25 वर्षीय राज ने केंद्र की व्यवस्थाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर करते हुए प्रदेश सरकार के नशामुक्ति अभियान की सराहना की है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि उनके परिवार, परिवेश में नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति को नशामुक्ति केन्द्र तक पहुंचाकर उपचार का लाभ दिलाएं और चूरू को नशामुक्त बनाने के इस जन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# वित्त वर्ष 2026-27 का बजट विकासशील राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाएगा : खर्रा

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता रविवार को की। पत्रकार वार्ता में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमार द्वारा पेश किया गया वर्ष 2026-27 का बजट विकासशील राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाएगा। यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि यह बजट राजस्थान के समग्र एवं सतत विकास को सुनिश्चित करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा। कहा कि बजट में महिला, युवा, मजदूर, वंचित, किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की वर्षों से लंबित पानी



की मांग को पूरा करने के लिए यमुना का जल लाने के लिए 32 हजार करोड़ रूपए को मंजूरी दी गई है। कहा कि इसके साथ सीकर सहित झुंझुनू के बीच नए एयरपोर्ट के लिए सर्वे करवाया जाएगा। खाटूश्यामजी में हेरिटेज वॉक वे और मॉडल रोड को मंजूरी मिली है। शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए दो वर्षों में 200 करोड़ खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीकर में 10 करोड़ की लागत से यूआईटी का नया भवन बनेगा, 25 करोड़ की लागत से कल्याण सर्किल से नवलगढ़ रोड फ्लाईओवर में एडजॉइन अप्रोच ओवरब्रिज को मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि इस बजट में इंफ्रास्ट्रचर डवलपमेंट के लिए पूंजीगत व्यय 53 हजार 978 करोड़ रूपये का भी प्रावधान किया है जो 23-24 से दो गुना अधिक है। कहा कि प्रतिव्यक्ति आय पहली बार दो लाख दो हजार से अधिक होना संभावित है जो 2023-24 से 21.15 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि बजट में नागरिक की जीवन स्तर में वृद्धि, औद्योगिक विकास व निवेश को प्रोत्साहन, मानव संसाधन का सशक्तीकरा, कृषि विकास व किसानों का कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, हरित विकास एवं पर्यावरण सततता और 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मजबूत स्तंभों पर आधारित है। खाटूश्यामजी में अधिक पार्किंग राशि वसुलने पर जिला प्रशासन लेगा संज्ञान : खाटूश्यामजी में बाबा श्याम के मेले के दौरान निजी पार्किंग संचालकों द्वारा अधिक राशि वसुलने पर यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि जिला प्रशासन इसकी जांच करवाकर शीघ्र कार्यवाही करेगा। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने देंगे। निजी पार्किंग संचालकों की दरें तय की जाएगी अधिक वसुली नहीं करने देंगे। अवैध पार्किंग संचालकों पर कार्यवाही की जाएगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बजट में सीकर के विकास के लिए बहुत कुछ दिया है। सीकर की सभी विधानसभाओं के लिए विकास के लिए करोड़ों की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व नगरीय निकायों के चुनावों में संगठन पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा। कहा कि संगठन व सरकार के स्तर पर जो भी प्रयास जनता के हित में होते हैं उनको पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, जिला महामंत्री राजेश रोलन, वरिष्ठ भाजपा नेता तेजप्रकाश सैनी, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जिला कलक्टर मुकुल शर्मा, यूआईटी सचिव जगदीश गौड़, जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर, सुरेश कटारिया आदि मौजूद रहे।

## किसान महापंचायत को लेकर किया जनसम्पर्क



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** किसान सभा तारानगर ने विभिन्न गांव के चोपाल में किसान महापंचायत में आने का न्यौता दिया । चौपाल में किसानो को सम्बोधित करते हुए जिला कमेठी सदस्य कॉमरेड चिमनाराम पांडर ने खरीफ2021 को लेकर सरकार ने बीमा क्लेम खारिज किया उससे किसानो को नुकसान हुआ है साथ ही किसानो के खेतों में गुजर रही हाईटेंशन लाइन टावर का मुहावजा में वृद्धि करके दिलवाने का मुद्दा रखा । किसान सभा चूरू के सचिव उमराव सहारण ने गांव में लग रहे स्मार्ट मीटर का नहीं लगवाने को कहा स्मार्ट मीटर से भविष्य में किसान की जेब पर भार पड़ेगा लेकिन सरकार बड़ी बड़ी कंपनी के साथ मिलकर बड़ा घोटाला कर रही है। मीटिंग का संचालन कॉमरेड नितेश उपाध्याय ने किया पिछले दिन आये बजट में किसानो के नाम का जिक्रर ही नहीं किया किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है और ज्यादा से ज़्यादा संख्या में आगामी होने वाली किसान पंचायत में पहुँच कर सफल बनावे। साथी कुंदन बरोड़ और विजय गोस्वामी साथ रहे।

## चार दिवसीय गायत्री यज्ञ प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** माँ गायत्री री धाणी में चार दिवसीय गायत्री यज्ञ प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर में बापूजी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर यज्ञ की विधि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान व्यवस्थापिका डॉ. ईशा गुर्जर ने विद्यार्थियों को यज्ञ कराने की संपूर्ण प्रक्रिया, मंत्रों का शुद्ध उच्चारण तथा यज्ञ संचालन की विधि का व्यावहारिक अभ्यास कराया। वहीं प्रबंधक डॉ. ओमप्रकाश गुर्जर ने विद्यार्थियों को सप्ताह में अवकाश के दिन आसपास के गांवों में जाकर नि:शुल्क यज्ञ करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य श्घर.घर यज्ञए घर-घर गायत्री संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए चार दिवसीय प्रशिक्षण को प्रेरणादायक बताया। शिविर में नेमीचंद कुमावत, रविंद्र कुमार, जयप्रकाश तंवर, हर्षित दिवाकर, हेम सिंह मीणा, विश्वंभर मीणा, अंकिता ढाका, वीरेंद्र चौधरी, हिमांशु चांगड़ा, लालचंद उपाध्याय, रोहित यादव, रविंद्र ग्वाला, प्रवीण चौधरी, श्रवण, देवराम चौधरी, नवरत्न सैनी, पुजा, सीमा, मोनिका, सीमा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद का अभ्यास वर्ग आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जयपुर ग्रामीण इकाई द्वारा रविवार को अभ्यास वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य साहित्यिक चेतना का संवर्धन, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा नवंबर माह में संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित प्रस्तावों की जानकारी जिला इकाई तक पहुंचाना रहा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रथम सत्र में परिषद का परिचय एवं राष्ट्रीय अधिवेशन की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मनोज कुमार, अखिल भारतीय संगठन मंत्री तथा श्री केशव शर्मा, प्रदेश महामंत्री ने परिषद की गतिविधियों, उद्देश्यों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में संगठन परिचय एवं साहित्य परिषद में कार्य कैसे करें विषय पर चर्चा हुई। डॉ. ममता शर्मा एवं डॉ. विपिन चंद्र ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली, सदस्य विस्तार, साहित्यिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा ग्रामीण अंचल में साहित्यिक चेतना के प्रसार को लेकर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन विकास तिवारी ने किया। प्रस्तावना विकास बागड़ा ने प्रस्तुत की तथा अंत में पुरुषोत्तम गुप्ता ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। अभ्यास वर्ग में उपस्थित साहित्यकारों और कार्यकर्ताओं ने परिषद के उद्देश्यों को समाज तक पहुंचाने और साहित्यिक गतिविधियों को व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

## भगवान शंकर की बारात निकाली



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि का पर्व राजलदेसर में धूमधाम से मनाया गया। वही पुष्कर नाथ शिवालय, टांटिया शिवालय, भूतनाथ शिवालय, पांडे शिवालय, पुरोहित शिवालय, भूतनाथ मंदिर, भद्रकाली शक्तिपीठ आदि में सुबह से भगवान शंकर की महिलाओं एवं पुरुषों ने पूजा अर्चना की एवं पूरे दिन भर ओम नम: शिवाय से गुंजाय मान होता दिखाई दिया। राजलदेसर कस्बे में राजलदेसर सेवा फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शंकर की बारात उत्तरी मुक्तिधाम से निकाली गई जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई टांटिया शिवालय पहुंची। जहां पर विधि विधान से भगवान शंकर एवं पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। बारात में भगवान शंकर की झांकी आकर्षण का केंद्र थी एवं बाराती डीजे की धुन पर राजस्थानी वेशभूषा पहनकर झूमते नाचते गाते दिखाई दिए। इस अवसर पर कस्बे वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की।

# शिवमयी हुई छोटी काशी : महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी आस्था

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गुलाबी नगरी जयपुर पूरी तरह शिवमय हो उठी। रविवार अलसुबह से ही हर.हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से छोटी काशी गूंजती रही। शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं। विशेष रूप से ताड़केश्वर महादेव मंदिर, झारखंड महादेव मंदिर, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर और रोजगारेश्वर महादेव मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र बने रहे। भीड़ को देखते हुए पुलिस और मंदिर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए, जिससे श्रद्धालु सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन कर सकें।

### भोर से शुरू हुआ पूजा-अर्चना का क्रम

जयपुर की बसावट से पहले स्थापित माने जाने वाले ताड़केश्वर महादेव मंदिर में तड़के मंगला आरती के साथ पूजा.अर्चना प्रारंभ हुई। आरती के बाद कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की कतारें लंबी होती चली गईं। हाथों में गंगाजल से भरे कलश, बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा, आंकड़े के फुल, मोगरी, गाजर और बेर से सजी थालियां लिए भक्त बाबा के दरबार में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर भोलेनाथ का विशेष शृंगार किया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, शिव तांडव स्तोत्र और महामृत्युंजय मंत्र के जाप से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कई श्रद्धालुओं ने रात्रि जागरण और उपवास रखकर पूजा-अर्चना की।



### जैघड़ चढ़ाने की परंपरा जीवंत

महाशिवरात्रि पर जैघड़ चढ़ाने की परंपरा भी साकार हुई। नव दंपती और नवजात के माता-पिता सिर पर दो घड़े कलश रखकर भगवान का जलाभिषेक करने पहुंचे। उनकी ओर से गन्ने के रस और दूध से अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि छोटी काशी की यह प्राचीन परंपरा आज भी पूरे उत्साह से निभाई जा रही है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी चौपड़ से बैरिकेडिंग की गई। 100 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहे और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट कर आवागमन सुचारु रखा गया।

### हर शिवालय में श्रद्धा का सैलाब

वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में भी घंटों इंतजार के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर मिला। छोटी चौपड़ के रोजगारेश्वर महादेव मंदिर और बनी पार्क स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में भी दिनभर भक्तों की भीड़ रही। उधर सिटी पैलेस स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर में भगवान का राजसी श्रृंगार किया गया। सोने के सिंहासन और मुकुट से सुसज्जित झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं मोती डूंगरी पहाड़ी शिवगढ़ी स्थित एकलिंगेश्वर महादेव मंदिर के दर्शनों का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को लगातार छठे वर्ष भी निराशा हाथ लगी, क्योंकि मंदिर आम भक्तों के लिए नहीं खोला गया।

### छोटी काशी की पहचान

जयपुर में 5 हजार से अधिक छोटे-बड़े शिवालय हैं। कई मंदिर जयपुर की बसावट से भी प्राचीन माने जाते हैं। कछवाहा शासकों की शिवभक्ति और संरक्षण ने इन मंदिरों को विशेष पहचान दी। सावनए महाशिवरात्रि और प्रत्येक सोमवार को यहां विशेष धार्मिक वातावरण देखने को मिलता है।

### जयपुर के सात अति प्राचीन शिवालय

छोटी काशी के नाम से विख्यात जयपुर शहर में हजारों छोटे-बड़े शिवालय हैं, जिनमें से कुछ ऐसे हैं जिनका इतिहास सैकड़ों वर्षों पुराना है। जैसे अंबिकेश्वर महादेव मंदिर, काला महादेव मंदिर, ताड़केश्वर महादेव मंदिर, प्रतापेश्वर महादेव मंदिर, जागेश्वर महादेव मंदिर, एकलिंगेश्वर महादेव मंदिर और राजराजेश्वर महादेव मंदिर है। इन मंदिरों में आज भी सावनए महाशिवरात्रि और प्रत्येक सोमवार को इन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं।

### उपमुख्यमंत्री ने श्री राजराजेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जयपुर स्थित सिटी पैलेस परिसर में विराजमान श्री राजराजेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें आस्था, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। भगवान शिव की कृपा से प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो, यही उनकी प्रार्थना है। मंदिर में विशेष पूजन, रुद्राभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाशिवरात्रि के अवसर पर सिटी पैलेस परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और उन्नति की कामना की।

## अपने परिवार में बच्चों को अच्छे संस्कार दें : दंडी स्वामी जोगेंद्राश्रम



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में वीर हनुमान बूगली बालाजी मंदिर मालासी बास में वीर सावरकर बस्ती के अंदर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भद्रकाली शक्तिपीठ के दंडी स्वामी जोगेंद्राश्रम महाराज, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मिश्रा, पवन कुमार झेडू भंवरलाल नाई, देवकरण पांडे जुगल भार्गव आदि के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर दंडी स्वामी जोगेंद्राश्रम महाराज ने कहा परिवार में अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे हमारे सनातन धर्म का प्रचार विदेश में भी जोर-जोर से हो रहा है अपनी संस्कृति को बचाए रखने के लिए विशेष कर माता बहनों से आग्रह किया कि अपने बच्चों का खान-पान का विशेष ध्यान रखें क्योंकि आजकल खानपान से अनेकों बीमारियां निमंत्रण दे रही है। दंडी स्वामी जोगेंद्र आश्रम महाराज ने कहा परिवार माता-पिता बहू बेटियों का सम्मान करें साथ ही वेशभूषा का भी ध्यान रखें एवं बच्चों को संस्कृत शिक्षा का भी ज्ञान होना जरूरी है। इसके अलावा श्रीमद् भागवत कथा रामायण का अध्ययन भी निरंतर अपने घर में करना चाहिए। कार्यक्रम में अरविंद मिश्रा ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूरे देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं साथ ही पांच प्रण के नियमों का पालन करना हमारे लिए वर्तमान में बहुत महत्वपूर्ण है विशेष कर कुटुंब परिवार बड़े परिवार साथ में रहकर समय-समय पर विचार विमर्श करें। कार्यक्रम में पवन कुमार झेडू, ललित दाधीच, पवन बोथरा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम से पूर्व तुलसीराम पांडे के द्वारा हनुमान चालीसा का शानदार वाचन किया गया एवं समापन पर होली के गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। जिस पर उपस्थित श्रद्धालु नाचते पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर धनराज सेन, प्रमोद मारू, मदनलाल छंगानी, पवन शर्मा, नंदलाल शर्मा, कुलदीप मारू, राम मारू, दीपक मारु, प्रकाश भार्गव, ओम प्रकाश पांडे, रामेश्वर सुथार, भागीरथ पांडे, सागरमल सुथार, पूनम चंद सुथार नंदलाल मारू, आदि महिलाएं पुरुष उपस्थित थे कार्यक्रम से पूर्व आए हुए अतिथियों का माला, सोल पहनाकर सम्मान किया गया कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## नियमों को ताक पर रख बिना अनुमति बन रहे कॉमर्शियल भवन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत निम्बीजोधा के भौगोलिक व आबादी बढने के साथ ही गांव में व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ने लगी हैं। बस स्टैंड सहित बाजार क्षेत्र और पंचायत गली में कॉमर्शियल भवन खड़े हो रहे हैं। यहां बिना पंचायत की अनुमति व्यावसायिक भवन बनाए जा रहे हैं। बाजार में इन दिनों दो मंजिला भवन का निर्माण जारी है। निर्माण शुरू करने से पहले न तो ग्राम पंचायत से नक्शा स्वीकृत कराया गया और न ही भूमि उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बावजूद निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। भवन निर्माण के दौरान नियमों को पूरी तरह ताक में रखा जा रहा है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही। जिस स्थान पर निर्माण करवाया गया है, वह मार्ग बस स्टैंड से होकर कोयल चौराहा तक जाता है। इसी रास्ते स्कूली बसों की नियमित आवाजाही होती है, लेकिन अब सड़क संकरी होती जा रही है। इसी तरह बस स्टैंड से पंचायत गली जाने वाले कॉर्नर पर भी इन दिनों दुकानों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। यहां पर भी पार्किंग की व्यवस्था नही है। ऐसे मैं आने वाले समय में रास्ते संकरे होने के साथ बड़ी दिक्कत हो सकती है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत से निर्माण कार्यों की किसी प्रकार से कोई अनुमति एवं एनओसी जारी नहीं की गई है। सुमन खीचड़, प्रशासक, निम्बी जोधा

## अभिभाषक संघ का स्थापना दिवस मनाया

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी, संघ अध्यक्ष एड. सूरजमल यादव ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान न्यायिक कर्मचारी प्रेम किशोर चौहान एवं उनके साथियों ने सुमधुर सांगीतिक प्रस्तुतियां दी। एसीजेएम विकास गजराज भी मौजूद रहे। एड. प्रदीप कठातला, बनवारीलाल बिजारणिया, मो. दयान, मो. सलीम खान मोयल, श्याम सुन्दर खंडेलवाल, राकेश जांगीड़, अक्षय शर्मा, दशरथ सिंह, विमल गोदारा, रमजान मणिहार, रितिका सैनी ने भी सांगीतिक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर भामाशाह प्रेमसुख सैनी ने अपने पिता स्व. मानसिंह की पुण्य स्मृति में एक माइक सेट अभिभाषक संघ को प्रदान किया। इस पर संघ अध्यक्ष एड. सूरजमल यादव, एड. निरंजन सोनी तथा अतिथियों द्वारा शॉल, साफा एवं पुष्पहार पहना कर भामाशाह प्रेमसुख सैनी का सम्मान किया। इस अवसर पर युवा अधिवक्ताओं द्वारा चंग पर नृत्य भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में एड. संतोष सोनी, विनोद सोनी, वीरेन्द्र पारीक, गजेन्द्रसिंह सहित अनेक वकीलों ने सहयोग किया।

## कलियुग में भगवान का स्मरण ही है सहारा : स्वामी कानपुरी महाराज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास के स्वामी बस्ती स्थित श्रीबृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पांडाल भी छोटा पड़ गया। इस दौरान कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि व्यक्ति को किसी का हक नहीं खाना चाहिए। अगर आपके पास किसी का हक है तो समय पर उसे वापस लौटना चाहिए। सुदामा की दीन-हीन दशा और कृष्ण द्वारा उन्हें अपार सुख प्रदान करने का प्रसंग निस्वार्थ प्रेम का संदेश देता है, जिसे सुनकर भक्त भावुक हो जाते हैं। कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कथा में भगवान के मोहिनी अवतार, राजा परीक्षित मोक्ष के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि शुकदेव महाराज द्वारा कथा श्रवण के माध्यम से राजा परीक्षित को मृत्यु के भय से मुक्त कर मोक्ष की प्राप्ति करवाई गई। कथा के अंतिम दिन भगवान के सगुण (लीला) और निर्गुण (ज्ञान) दोनों रूपों का सार सुनाते हुए कानपुरी महाराज ने कहा कलयुग में भगवान का नाम संकीर्तन ही बेड़ा पार करने वाला है। उन्होंने कहा कि आपके आचरण एवं व्यवहार



से संतो का अपमान नहीं होना चाहिए। किशोर दास स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम की पूर्णाहुति पर सोमवार को 11 कुंडीय महायज्ञ व भंडारे प्रसाद का आयोजन होगा। इस दौरान भोलदास स्वामी, पूसाराम शर्मा, डॉ धर्मवीर स्वामी, इंदु अशोक सांखला, परमेश्वर शर्मा, शोभाचंद सामरिया, खेमचंद स्वामी, बद्रीदास घासल, कन्हैयालाल स्वामी, देवी दत्त घासल, भागीरथ प्रजापत, निरंजन करवा, ओमप्रकाश स्वामी, शांतिलाल शर्मा, सोहनदास खिलेरी, विनोद भास्कर, मांगीलाल स्वामी, मुन्ना लाल सांडवा, कमल स्वामी, खड़क दास स्वामी, सावरमल अग्रवाल, घिसू लाल बागड़ा, बालचंद प्रजापत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि का पर्व शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर ठरड़ा क्षेत्र में स्थित भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग का अलौकिक श्रृंगार किया गया। दिनभर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने की सिलिसला जारी रहा। वहीं अनेक जगहों पर भगवान शिवि के अभिषेक भी किए गए। भगवान को गाजर, बोर, आक धतूरे चड़ाकर रिझाया गया। अनेक श्रद्धालुओं ने व्रत भी रखे। मंदिरों में रात्रि को जागरण के कार्यक्रम हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190